	सत्र	वालक	वालिका	वालक	वालिका	वालक	वालिका	वालक	वालिका
–	2001–02	42.45	42.88	61.07	68.53	33.9	34.1	51.48	53.16
2–	2001–02	43.00	43.00	62.00	69.00	34.00	35.0	52.00	53.00
3–	2002–03	43.00	43.00	64.00	70.00	34.00	36.0	54.00	55.00
4–	2003–04	44.00	44.00	66.00	71.00	35.00	37.0	56.00	57.00
5–	2004–05	45.00	44.00	68.00	72.00	36.00	38.0	58.00	59.00
6–	2005–06	46.00	45.00	70.00	73.00	37.00	39.0	60.00	61.00
7–	2006–07	47.00	46.00	72.00	74.00	38.00	40.0	63.00	64.00
8–	2007–08	48.00	47.00	74.00	76.00	39.00	41.0	66.00	67.00
9–	2008–09	49.00	48.00	76.00	77.00	40.00	42.0	70.00	70.00
10–	2009–10	50.00	49.00	78.00	78.00	41.00	43.0	74.00	74.00

वर्षवार सम्प्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित किया गया उपरोक्त सारणी में कक्षा 1 व कक्षा 4 में भाषा व गणित का लक्ष्य प्रक्षेपित किया गया है वर्ष 2001–02 के कक्षा 1 में वालक 54.1 तथा वालिकाओं ने 52.7 प्रारम्भिक मूल्यांकन के अध्ययन में पायी गया यह स्तर मध्यस्तरीय मूल्यांकन में क्रमश 74.4 व 72.42 प्रतिशत पाया गया इसी को आधार मानकर अग्रिम वर्षों में वर्षवार यह लक्ष्य प्रक्षेपित किया गया है।

इस प्रकार अन्य विषयों एवं अन्य कक्षाओं में प्रारम्भिक तथा मध्यस्तरीय मूल्यांकन कराया जायेगा तथा प्रारम्भिक मूल्यांकन को आधार मानकर लक्ष्यों में संशोधन किया जायेगा इसी प्रकार उ0 प्रा0 वि0 में सम्प्राप्ति का लक्ष्य समय–समय पर निर्धारित किया जायेगा।

सामाजिक एवं जेन्डर गेप –

सारणी 4.7 में प्राथमिक स्तर पर सामाजिक एवं जेन्डर गेप प्रदर्शित किया गया है। वर्ष 2001–02 में 43.80 महिला नामांकित है तथा कुल बच्चो में 27.95 प्रतिशत अनुसूचित जाति के बच्चे नामांकित है अनु0 जाति की बालिकाओं का प्रतिशत भी लगभग 43 प्रतिशत है इस प्रकार जेन्डर गेप 7 प्रतिशत से कम करके 0 प्रतिशत तक 2005 तक लाया जायेगा तथा सामाजिक गेप को भी 0 तक लाया जायेगा इसी प्रकार उ0 प्राथमिक विद्यालयों की भी स्थिति है वर्ष 2001–02 में 44 प्रतिशत बालिका नामांकित इस प्रकार जेन्डर गेप 6 प्रतिशत का है तथा 15.28 प्रतिशत एस0 सी0 छात्र/छात्रा नामांकित है एस0 सी0 छात्राओं का नामांकन का प्रतिशत 33.76 प्रतिशत है एस0 सी0 जाति में जेन्डर गेप लगभग 16 प्रतिशत है इसको भी कम करके शून्य प्रतिशत तक 2006–2007 तक लाया जायेगा।

जेण्डर एवं सामाजिक गैप (प्रारम्भिक स्तर)

वर्ष 2001–02

सारणी संख्या 4.8

क्र0	ब्लाक का नाम	कुल नामांकन संख्या 6–11 आयु वर्ग			कुल नामांकन एस0 सी0 6–11 आयु वर्ग			प्रतिशत बालिका नामांकन	प्रतिशत एस0 सी0	प्रतिशत बालिकाओं
		बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग			
1–	मुरादाबाद	16856	12711	29567	5807	5693	11500	42.99	38[illegible]	49.50
2–	मूढ़ापाण्डे	16743	11648	28391	2910	1958	4968	41.02	17.[illegible]9	39.41
3–	भगतपुर टाण्डा	18815	15618	34433	4208	3255	7463	45.35	21.67	43.67
4–	छजलैट	18695	14789	33484	4851	4420	9271	44.16	13.20	47.67
5–	ठाकुरद्वारा	16253	14142	30395	3911	3731	7642	46.52	25.14	48.82
6–	डिलारी	16931	10343	27274	3410	2748	6158	37.92	22.57	44.62
7–	बिलारी	15402	11508	26910	4986	3025	8011	42.76	29.37	37.76
8–	कुन्दरकी	14592	12717	27309	3680	3045	6725	46.56	24.62	45.27
9–	बनियाखेड़ा	16880	12502	29382	7491	5305	12796	42.54	43.55	41.45
10–	बहजोई	11305	8152	19457	2829	2095	4924	41.89	16.75	42.54

[illegible]	16550	13644	30194	6109	4732	10841	45.19	35.90	43.64
[illegible]	18580	9528	28108	6239	4017	10256	33.59	36.43	39.16
[illegible]	14823	10628	25451	4549	3514	8063	41.75	31.63	43.58
[illegible]	212425	157930	370355	61070	47538	108608	42.64	29.32	43.77
मुरादाबाद	23461	24628	48089	6153	4424	10577	51.21	21.99	41.82
[illegible]	10923	8757	19678	1417	1210	2627	44.50	13.34	46.06
[illegible]	5000	5010	10010	1970	1513	3483	50.00	34.79	43.43
[illegible]	39384	38395	77779	9540	7147	16687	49.36	21.45	42.82
कुल योग	251809	196825	448134	70610	54685	125295	43.80	27.95	43.64

स्रोत – विभागीय आंकड़े

जेण्डर एवं सामाजिक गैप (उच्च प्राथमिक स्तर)

वर्ष 2001--02

सारणी संख्या 4.9

ब्लाक का नाम	कुल नामांकन संख्या 6-11 आयु वर्ग			कुल नामांकन एस0सी0 6-11 आयु वर्ग			प्रतिशत बालिका योग	प्रतिशत एस0सी0	प्रतिशत बालिकायें
	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग			
1— मुरादाबाद	6286	5013	11299	1206	600	1806	44.36	15.95	33.2
2— मूंढापाण्डे	6529	4956	11485	396	134	530	43.85	4	25.2
3— भगतपुर टाण्डा	6703	5629	12332	1094	548	1642	45.66	13.31	33.3
4— छजलैट	6895	5473	12368	1204	471	1675	44.25	13.54	28.1
5— ठाकुरद्वारा	7077	5046	12123	2173	867	3040	41.62	25.05	28.5
6— डिलारी	575	4149	9904	1080	511	1591	41.85	16.03	32.1
7— बिलारी	4541	3992	8553	955	250	1205	46.67	14.08	20.7
8— कुन्दरकी	6921	5385	12306	1136	556	1692	45.95	13.21	32.8
9— बनियाखेडा	7011	4661	11672	866	434	1300	39.93	11.13	33.38
10— देहजाई	4352	3884	8236	1326	600	1926	47.15	23.33	31.1

11– [illegible]	9023	7422	16445	1285	1019	2304	45.61	14.01	44.22
12– [illegible]	6035	4037	10072	980	710	1690	40	16.77	42
13– अजमगढ़ [illegible]	5399	3902	9301	951	611	1562	41.95	16.79	39.1
[illegible] जि० का	82527	64049	146576	14652	7311	21963	43.69	14.93	33.28
14– [illegible]	6062	8054	14110	2195	1219	3414	57	24.13	35.7
15– [illegible]	4223	2997	7220	102	53	155	41.5	2	34.1
[illegible]	2760	1970	4730	530	328	858	41.64	18.13	38.2
[illegible]	13045	13021	26066	2827	1600	4427	49.95	16.93	36.1
[illegible]	95572	77070	172642	17479	8911	26390	44.64	15.28	33.76

स्रोत – विभागीय आंकड़े

अध्याय –5

समस्याएं एवं रणनीति

मुरादाबाद जनपद में सर्व शिक्षा अभियान के नियोजन की प्रक्रिया विकेन्द्रीकृत रूप में तथा समुदाय की सहभागिता प्राप्त करते हुये अपनायी गयी है जिसमें ग्राम स्तर, बस्ती स्तर, न्याय पंचायत स्तर, जनपद स्तर पर शिक्षा से जुड़े व्यक्तियों, समुदाय के विभिन्न वर्गों, शिक्षकों, ग्राम प्रधानों, जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों, अभिभावक शिक्षक संघ, माता शिक्षक संघ, स्वयंसेवी संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं आदि से समूह चर्चा की गयी। समूह चर्चा में प्राप्त विचारों का विश्लेषण करने के पश्चात उपलब्ध सुविधाओं एवं संसाधनों के सापेक्ष व्यावहारिक एवं सन्तुलित रणनीति तैयार की गयी है। इस रणनीति के अन्तर्गत छात्र नामांकन के अनुपात में शिक्षकों की नियुक्ति, नवीन भवन निर्माण, अतिरिक्त कक्षा कक्षों का निर्माण, जीर्ण भवन का पुनः निर्माण, शौचालयों का निर्माण, पेय जल व्यवस्था हेतु हैण्डपम्पों की स्थापना, आवश्यकतानुसार विद्यालयों की चाहर दीवारी का निर्माण, विद्यालयों का सौन्दर्यीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, आकर्षक शैक्षिक वातावरण तैयार करने का प्रयास किया गया है। इसके अतिरिक्त स्कूल के बाहर के सभी बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने तथा उनके ठहराव एवं ड्राप आउट दर कम करने पर विशेष बल दिया जायेगा।

समय–समय पर तथा विभिन्न स्तरों पर सम्पन्न फोकस ग्रुप डिस्कशन के उपरान्त संज्ञान में आयी समस्याओं के निवारण एवं समाधान हेतु सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत अपनायी गयी रणनीति निम्नवत है –

1– शिक्षा के प्रति अभिभावकों में जागरूकता का अभाव –

आज का अभिभावक शिक्षा को रोजगार से जोडना चाहता है। जबकि शिक्षा का मूल उद्देश्य बच्चे का सर्वांगीण विकास करना है न कि केवल रोजगार उपलब्ध कराना। इस स्थिति से निबटने के लिए अभिभावकों की इस सोच को बदलने के लिए ग्राम शिक्षा समिति, अभिभावक माता शिक्षक संघ तथा जागरूक व्यक्तियों के सहयोग से गोष्ठियों का आयोजन करके विचारों के आदान-प्रदान द्वारा अपेक्षित लक्ष्य की पूर्ति की जायेगी।

2– शिक्षा जीविकोपार्जन का साधन नहीं –

समाज की सेवा में बदलाव हेतु उच्च प्राथमिक विद्यालयों को व्यवसायिक शिक्षा से जोड़ने का प्रावधान किया जा रहा है। इन विद्यालयों में से ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के छात्र/छात्राओं को उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर सिलाई, बुनाई, कढ़ाई, फल संरक्षण, मेंहदी आर्ट, फाइन आर्ट, ब्यूटी पार्लर, चटाई निर्माण, फर्श का सामान, जूट का सामान, कपडे के बैग, चाक निर्माण, मोमबत्ती निर्माण, गत्ते के डिब्बे का निर्माण स्थानीय क्राफ्ट सिखाने के लिए क्रियात्मक कोर्स प्रारम्भ करने का प्रावधान है। इन कार्यक्रमों को लागू करने के लिए आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था, मरम्मत एवं कच्चे सामान के लिए विद्यालय अनुदान द्वारा व्यवस्था करने का प्रावधान है।

3– <u>अध्यापक पर अन्य विभागों के कार्यो का अतिरिक्त बोझ</u> –

इस समस्या के समाधान के लिए यह प्रयास किया जायेगा कि अध्यापकों से विशेष परिस्थितियों में केवल राष्ट्रीय महत्व के कार्य ही कराये जायें। अध्यापकों

को शिक्षण कार्य के लिए पूरी तरह जवाब देह एवं पूर्ण उत्तरदायी बनाया जायेगा। बच्चों के विकास में शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। अध्यापक द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को संचालित न करने में उसकी सेवा पंजिका में वार्षिक प्रतिकूल प्रविष्टि करने का प्राविधान किया जायेगा।

4-- विद्यालय में भौतिक संसाधनों का अभाव --

इस समस्या के समाधान हेतु छात्र संख्या के आधार पर विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा कक्षों का निर्माण, पेय जल व्यवस्था, शौचालय निर्माण, बाहर दीवारी निर्माण, फर्नीचर बिजली आदि की व्यवस्था प्रस्तावित की जायेगी। इसके साथ-साथ उच्च प्राथमिक विद्यालयों तथा प्राथमिक विद्यालयों में बच्चो के बैठने के लिए फर्श एवं लकड़ी के फर्नीचर की व्यवस्था किये जाने की योजना है।

5-- बच्चों की व्यक्तिगत रूचि में कमी --

बच्चों के ठहराव एवं ड्राप आउट दर रोकने के लिए तथा शिक्षा में रूचि उत्पन्न करने के लिए आकर्षक पुस्तकों का मुद्रण, रूचि पूर्ण पाठ्यक्रम, खेल-खेल में शिक्षा, शैक्षिक भ्रमण, मनोरंजन के साधनों की व्यवस्था, संगीत कला तथा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के आयोजन की व्यवस्था की जा रही है।

6-- छात्रों की निर्धारित वेशभूषा --

छात्र/छात्राएं विद्यालय में अध्ययन हेतु निर्धारित गणवेश में उपस्थित हो सके इसके लिए ग्राम शिक्षा समिति, अभिभावक शिक्षक संघ, माता-शिक्षक संघ तथा [illegible]

स्थानीय नागरिकों की सहभागिता से एक समान गणवेश में विद्यालय में आने के लिए प्रयास किये जाने की योजना है।

7- शिक्षण सामग्री का अभाव -

विद्यालय में शिक्षण सामग्री की व्यवस्था के लिए तथा वातावरण को आकर्षक बनाने के लिए शिक्षकों को अपनी आवश्यकतानुसार अपनी शिक्षण सामग्री क्रय करने हेतु प्रतिशिक्षक, प्रतिवर्ष 500 रू0 शिक्षक अनुदान दिये जाने का प्रावधान किया जायेगा एवं शिक्षक विषय वस्तु के अनुसार शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण छात्रों की सहायता से करवायेंगें।

8- गरीबी के कारण छात्रों पर पाठ्य पुस्तकों का अभाव -

इस समस्या के निवारण हेतु, बालिकाओं एवं अनुसूचित जाति के बच्चों के लिए पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराने के लिए सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत व्यवस्था की जायेगी।

9- अध्यापकों की उपस्थित सुनिश्चित करना -

शिक्षक पर अन्य विभागों का कार्य अधिक होने के कारण तथा शैक्षिक सूचनाओं में संकलित करने में समय लगने के कारण विद्यालय में कम रहते हैं। इसलिए शैक्षिक सूचनाओं को तथा विभागीय सूचनाओं को विकास खण्ड स्तर पर कम्प्यूटरीकृत किया जायेगा जिससे एक ही काम के लिए शिक्षक का समय बार-बार बरबाद न हो। अध्यापकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी

निरीक्षण का प्राविधान किया जायेगा इस कार्य में ग्राम शिक्षा समिति को भी क्रियाशील किये जाने की योजना है।

10– सतत् मूल्यांकन का अभाव –

शैक्षिक गुणवत्ता की संप्राप्ति हेतु सतत् एवं प्रभावी मूल्यांकन की योजना का प्राविधान है मासिक, त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक, वार्षिक परीक्षाओं के माध्यम से मूल्यांकन किया जायेगा। मूल्यांकन के उपरान्त प्राप्त परिणामों के आधार पर निम्न एवं विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों के अभिभावकों से सम्पर्क किया जायेगा। साथ–साथ विद्यालय में भी अतिरिक्त समय देकर उनके शिक्षण की व्यवस्था की जायेगी। विद्यालय में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले अथवा कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को गणमान्य नागरिकों/शिक्षा–अधिकारियों के द्वारा पुरस्कृत करवाया जायेगा।

11– शैक्षिक निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण में कमी –

विद्यालयों की शैक्षिक शिथिलता दूर करने हेतु प्राचार्य, वरिष्ठ प्रवक्तागण डायट, बी० एल० ए०, ए० बी० एस० ए०, एस० डी० आई०, बी० आर० सी० सी०, ए० बी० आर० सी० सी०, एन० पी० आर० सी० सी० द्वारा समय–समय पर पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण की व्यवस्था का प्राविधान है। निरीक्षण कर्ता/पर्यवेक्षक शैक्षिक वातावरण स्थापित कराने में अपना निरन्तर सहयोग भी प्रदान करते रहे इसके लिए मासिक बैठकों का आयोजन अधिकारिक स्तर पर किया जायेगा जिसमें समस्याओं के निदान में अधिकारियों की सार्थक भूमिका निर्धारित की जा सके।

12– विशेष आवश्यकता वाले अथवा विकलांग बच्चों की शिक्षा व्यवस्था –

विभाग द्वारा विकलांग बच्चों का सर्वे कराकर सूचना प्राप्त की गयी है जिन बच्चों को किसी उपकरण की आवश्यकता है उनके बारे में ए0 डी0 पी0 आई0 को सूचित किया जायेगा। श्रवण हीनता, अस्थि विकलांगता, मन्द बुद्धिता आदि प्रकार के बच्चों का प्रतिवर्ष सर्वे कराकर विभिन्न माध्यमों से तथा जन सहयोग से उनको उपकरण उपलब्ध कराये जाने की योजना है। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के प्रति मृदु व्यवहार, सरल एवं सहज भाव से शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित किये जाने का प्रावधान है।

13– बाल श्रमिकों हेतु शिक्षा की व्यवस्था –

बाल श्रमिकों की समस्या के समाधान हेतु 6–14 वय आयु वर्ग वाले बच्चे जो श्रमिक है उनके अभिभावकों से सम्पर्क कर शिक्षा के प्रति जागरूक बनाया जायेगा। श्रम विभाग के माध्यम से शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाया जायेगा तथा वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों पर रात्रिकालीन कक्षाओं की व्यवस्था करायी जायेगी। ऐसे बाल श्रमिक छात्रों को पढ़ाने के लिए अलग से शिक्षकों को प्रशिक्षित किये जाने की योजना है। प्रतिवर्ष बाल श्रमिकों का सर्वेक्षण कराया जायेगा तथा उनकी परिस्थितियों को ध्यान में रखकर उनकी रूचि एवं आवश्यकतानुसार वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों/नवाचार शिक्षा केन्द्रों पर उनके शिक्षण की योजना प्रस्तावित है। इसके साथ-साथ यह प्रयास किया जायेगा कि बाल श्रमिक प्रत्येक स्थिति में शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़े इसके लिए ब्रिज कोर्स, समर कैम्प आदि का भी प्रावधान किया गया है।

अवकाशों की अधिकता -

यद्यपि विभाग द्वारा अवकाशों पर अंकुश लगाने का पूर्ण प्रयत्न किया गया है। अवकाशों को कम करने के लिए समय विभाग चक्र एवं राष्ट्रीय पर्वो पर पूर्ण समय तक विद्यालय में शिक्षक की उपस्थिति सुनिश्चित की जायेगी। इस कार्य में निरीक्षक एवं पर्यवेक्षक एवं ग्राम शिक्षा समिति का सहयोग लिया जायेगा साथ ही यह अनिवार्य किया जायेगा कि प्रत्येक अध्यापक को निर्धारित समय से पूर्व निर्धारित पाठ्यक्रम पूर्ण करना है इसके साथ-साथ फर्जी अवकाशों पर अंकुश लगाने की योजना है।

15- नामांकन सम्बन्धी समस्या -

शत प्रतिशत नामांकन प्रा0 वि0 में सन् 2001 तक तथा उ0 प्राथमिक विद्यालय में 2010 तक का लक्ष्य रखा गया है। शत प्रतिशत नामांकन हेतु ग्राम शिक्षा समिति, अभिभावक शिक्षक संघ, माता शिक्षक संघ तथा जन प्रतिनिधियों के सहयोग के साथ-साथ नुक्कड़ नाटक/गोष्ठियों/कलाजत्थों/दृश्य-श्रव्य सामग्री आदि का प्रदर्शन किया जायेगा।

16- ग्रामीण क्षेत्र में परिषदीय एवं मान्टेसरी स्कूलों की तुलना -

अधिकाधिक बच्चे, परिषदीय विद्यालयों में अपना नामांकन करायें इसके लिए परिषदीय विद्यालयों को आकर्षक बनाने के लिए निर्धारित शिक्षण सामग्री, फर्नीचर, ब्लैक बोर्ड, आकर्षक खेल सामग्री आदि के लिए धनराशि की व्यवस्था करना प्रस्तावित है तथा शिक्षकों को विशेष रूप से प्रशिक्षित करने की योजना है ताकि [illegible]

ग्रामवासी परिषदीय विद्यालयों के वातावरण एवं मान्टेसरी स्कूल में कोई अन्तर न माने।

17— सामाजिक तथा आर्थिक पिछड़ापन —

वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्र में जनसंख्या अधिक है उपजाऊ भूमि परिवार की सदस्य संख्या के अनुपात में कम है इस लिये ग्रामीण समाज पिछड़े पन का शिकार है। इस समस्या को दूर करने के लिए ग्राम शिक्षा समिति बाल विकास परियोजना महिला मण्डल दल ए0 एन0 एम0 एवम् अन्य जागरूक स्वयं सेवी संगठनों के सहयोग से अपेक्षित लक्ष्य की प्राप्ति की जायेगी। तथा समाज की सोच में बदलाव लाने के लिये जन चेतना के सभी प्रयास किये जायेंगे।

18— छात्र संख्या के सापेक्ष अध्यापकों की कमी —

इस समस्या के समाधान के लिये ग्राम शिक्षा समिति के सहयोग से शिक्षण व्यवस्था ठीक की जायेगी 40 : 1 पर अध्यापकों एवं शिक्षा मित्रों की व्यवस्था की जायेगी। उ0 प्रा0 विद्यालयों में विषय अध्यापक नियुक्त किये जायेंगे। अधिक जन संख्या वाले गांवों में उ0 प्रा0 व प्रा0 विद्यालय एक ही भवन/स्थान पर खोले जाने का प्राविधान है। इस व्यवस्था में उ0 प्रा0 विद्यालय का प्र0 अध्यापक कक्षा एक से आठ तक सम्पूर्ण व्यवस्था का एक ही समय विभाजन चक्र से विद्यालय संचालन करेगा।

19— असेवित/मलिन बस्तियों में विद्यालयों का न होना —

जन—जन तक शिक्षा पहुंचाने के लिये 1.5 कि0 मी0 तथा 300 की आबादी वाले ग्रामों/बस्तियों में प्रा0 विद्यालय/शिक्षा घरों/बाल शालाओं की व्यवस्था की

जायेगी। 6–8 आयु वर्ग के 30 बच्चों में एक कि0 मी0 विद्यालय से दूरी के मानक पर ई0 जी0 एस0 केन्द्र खोले जायेंगे तथा 9–14 वर्ग के बच्चों के लिए ए0 टी0 ई0 केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। नगर क्षेत्र में विद्यालय दो पालियों में चलाये जायेंगे। कम बच्चों वाले विद्यालयों को असेवित/मलिन बस्तियों में स्थानान्तरित किया जायेगा तथा प्रथम वर्ष में 3 कि0 मी0 और 800 की आबादी मानक मात्रा में उ0 प्रा0 विद्यालयों की स्थापना की जायेगी तदोपरान्त यह प्रयास किया जायेगा कि दो प्राथमिक विद्यालयों के मध्य एक उ0 प्रा0 विद्यालय की स्थापना की जाये।

शिक्षा को दूर दराज के क्षेत्रों में पहुंचाने के लिये नदी, नाले, जंगल आदि व्यवधान उत्पन्न करते हैं। इस कठिनाई को दूर करने के लिये मानक के अनुसार शिक्षा गारन्टी योजना एवं वैकल्पिक/नवाचार शिक्षा केन्द्र खोलकर शिक्षा से वंचित बच्चों को शैक्षिक सुविधा प्रदान की जायेगी और बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जायेगा।

21– शिक्षक की योग्यता व्यवहार कुशलता एवं व्यक्तित्व –

परम्परागत पाठ्यक्रम को बदलकर नया पाठ्यक्रम कुछ जटिल है इसकी शिक्षण पद्धति भी आधुनिक है इस समस्या के समाधान हेतु शिक्षकों को प्रशिक्षणों के माध्यम से यह प्रेरित किया जायेगा कि वह छात्रों के प्रति व्यवहार में कोमलता मधुरता लाये तथा विषय वस्तु पर पूर्ण नियंत्रण हो। शिक्षक को सामुदायिक सहभागिता हेतु व्यवहार कुशल बनना ही होगा। इस प्रकार के प्रशिक्षण आयोजित किये जायेंगे।

22– अध्यापको की शिक्षण में अरुचि –

इस समस्या के निदान हेतु विषय वस्तु आधारित प्रतियोगितायें आयोजित की जायेगी तथा शिक्षको में पारस्परिक प्रतिस्पर्द्धा उत्पन्न होगी वह अपना स्वाध्याय करेगा। प्रशिक्षणोपरान्त वस्तु निष्ठ परीक्षा आयोजित की जायेगी जिसमें 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा अन्यथा उसकी वार्षिक वेतन वृद्धि रोके जाने का प्राविधान है।

23– शैक्षिक गुणवत्ता का कम प्रतिशत –

शैक्षिक गुणवत्ता की सम्प्राप्ति हेतु मानक के अनुसार विद्यालय में शिक्षको की नियुक्ति उ0 प्रा0 विद्यालय में विषय अध्यापको की नियुक्ति प्रस्तावित है ताकि शिक्षा विभाग में उपलब्धि के नाम पर अधिक से अधिक गुणवत्ता की सम्प्राप्ति हो।

24– शिक्षक अभिभावक बालको में सामंजस्य का न होना –

अभिभावकों का निरन्तर अध्यापक से सम्पर्क बना रहे इसलिये त्रैमासिक अभिभावक सम्मेलन कराया जायेगा, जिसमें ग्राम शिक्षा समिति, शिक्षक अभिभावक संघ माता/अभिभावक संघ आदि के सदस्य सक्रिय भूमिका अपनाते हुए तीनो घटको में सामंजस्य स्थापित करने के सार्थक उपाय करेंगे इन सम्मेलनो में समस्याये भी पूछी जायेगी तथा निदान के उपायो पर सुझाव आमन्त्रित किये जायेंगे।

25 - सक्रिय सामाजिक सहभागिता का अभाव –

ग्राम शिक्षा समिति अथवा ग्राम पंचायतें ग्राम में परिषदीय विद्यालयों के प्रति समाज की सकारात्मक सोच उत्पन्न करने के लिये निरन्तर अभिभावकों के सम्पर्क रखेगी तथा विद्यालयों का सतत् मूल्यांकन भी किया जायेगा। सामाजिक सहभागिता के लिये ग्रामो के बुद्धि जीवी लोगो की सहभागिता ली जायेगी ताकि विद्यालय के परिवेश को घरेलू परिवेश की संज्ञा दी जा सके। ग्रामवासियों के सहयोग से स्कूली बच्चों में सुधार हेतु, गणवेश स्वच्छता अनुशासन, विद्यालय परिसर का रख रखाव की साज सज्जा की जायेगी। अध्यापकों के अभाव में गांव के शिक्षित लोगों की मदद ली जायेगी। विद्यालय की गुणवत्ता का आंकलन करने के लिए समय-समय पर गांव के सम्भ्रान्त नागरिकों को आमन्त्रित किया जायेगा तथा विचार गोष्ठियों का आयोजन किया जायेगा।

26 - खेलकूद के लिये पर्याप्त सामग्री का अभाव –

खेलकूद की उचित व्यवस्था हेतु विद्यालयों में खेल सामग्री व्यवस्था प्रस्तावित है तथा ग्राम सभा, पंचायत के माध्यम से मैदान विहीन विद्यालयों में सार्वजनिक स्थान पर खेलकूद की व्यवस्था का प्राविधान किया जायेगा। बी० पी० एड०/सी० पी० एड० प्रशिक्षित शिक्षकों के माध्यम से खेलकूद के लिये अलग समय देने की योजना बनायी जा रही है।

27 - विद्यालयों का वातावरण आकर्षक न होना –

परम्परागत शिक्षण पद्धति को न अपना कर अध्यापकों को आधुनिक शिक्षण पद्धति के अनुरूप शिक्षण करने के लिये प्रोत्साहित किया जायेगा। बच्चों की समूह

में बैठाना, चर्चा करवाना, शिक्षण सामग्री तैयार करवाना, वृक्षारोपण, कृषि बागवानी सामुदायिक कार्य आदि सम्पन्न कराके जायेंगे।

23— पाठ्यक्रम जटिल है अध्यापकों में अनाभिज्ञता है —

निरन्तर बदलते परिवेश में नये पाठ्यक्रम के अन्तर्गत पाठ्य पुस्तकों में बदलाव आ रहा है। कुछ पाठ/अभ्यास/विषय वस्तु आदि ऐसी है जिन को हाई स्कूल/इण्टर योग्यता धारी अध्यापक या अप्रशिक्षित अध्यापक नहीं पढ़ सकते इस लिये उच्च योग्यता शिक्षकों की व्यवस्था की जा रही है इसके अतिरिक्त डायट/बी० आर० सी० सी० के माध्यम से अध्यापकों के लिये पूर्ण सेवात्मक प्रशिक्षण की व्यवस्था का प्राविधान है।

———

उपर्युक्त समस्याओं के अतिरिक्त समय-समय पर आयोजित विचार गोष्ठियों/सामूहिक विचार विमर्श के बाद शासन में आयी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर निवारण हेतु प्रयास किये जायेंगे।

अध्याय–6

शिक्षा की पहुँच का विस्तार – (नवीन औपचारिक विद्यालय)

जनपद मुरादाबाद जि0 प्रा0 शि0 कार्यक्रम (डी0 पी0 ई0 पी0 द्वितीय) से आच्छादित जनपद है यह योजना इस जनपद में वर्ष 97–98 से संचालित है। इस योजना के द्वारा जनपद के प्रा0 विद्यालयों में वर्षवार निम्नलिखित सुविधायें उपलब्ध कराई गयी –

सारणी 6.1

क्र0 सं0	सुविधायें	1997–98	98–99	99–2000	2000–01	2001–02
1	नवीन विद्यालय		68	--	--	165
2	पुनर्निर्माण		36	--	--	--
3	शौचालय		481	--	--	--
4	अतिरिक्त कक्षा कक्ष		103	--	--	--
5	[illegible]		95	--	--	--
6	[illegible]		[illegible]			
7	[illegible]		198			

स्रोत – डी0 पी0 ई0 पी0 कार्यालय से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर

उपरोक्त के अतिरिक्त अध्यापक प्रशिक्षण, ग्राम शिक्षा समिति प्रशिक्षण, शिक्षा मित्रों की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण तथा 98–99 में 50 एवं 99–2000 में 110 शिक्षा केन्द्रों का संचालन किया गया जिसमें वृद्धि हुई वर्ष 97–98 में जी0 ई0 आर0 72.03

तथा एन0 ई0 आर0 54.88 था। एन0 आई0 एस0 से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर यह बढ़कर क्रमशः 94.11 तथा 81.19 हो गया।

नवीन प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना –

मुरादाबाद जनपद मे जि0 प्रा0 शि0 कार्यक्रम के अन्तर्गत 233 चिन्हित असेवित बस्तियों में प्रा0 विद्यालय खोले जा चुके है परन्तु इस संकल्पना मे संसाधन उपलब्ध न होने के कारण अभी भी ऐसी 174 असेवित बस्तियां है जिनमे मानक के अनुसार विद्यालय खोले जाने की आवश्यकता है। फोकस ग्रुप डिस्कशन एवं वर्तमान स्थिति के आधार पर विकास खण्ड वार बस्तियों की संख्या निम्नवत है। जिनकी आबादी 300 से अधिक है। तथा 1.5 कि0मी0 परिधि मे कोई प्रा0 विद्यालय उपलब्ध नही है। खण्डवार नवीन प्राथमिक विद्यालयों की आवश्यकता निम्नवत है -

सारणी 6.2

क्र0 सं0	ब्लाक का नाम	300 से अधिक आबादी एवं (1.5 किमी0 दूर विद्यालय) बस्तियों की संख्या
1-	मुरादाबाद	07
2-	मूढापाण्डे	18
3-	भगतपुर टांडा	16
4-	छजलैट	09
5-	ठाकुरद्वारा	17
6-	डिलारी	10

7–	बिलारी	10
8–	कुन्दरकी	10
9–	बनियाखेड़ा	18
10–	बहजोई	15
11–	सम्भल	14
12–	पवांसा	24
13–	असमोली	06
14–	सम्भल शहर	–
15–	चन्दौसी शहर	
16–	मुरादाबाद शहर	
	योग	174

[illegible] 76 [illegible]

उपर्युक्त सारणी के आधार पर समस्त विकास खण्डों पर 174 असेवित बस्तियों में प्राथमिक विद्यालय नहीं है इसलिये सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 174 खोले जाने का [illegible] 2002–2003, 2003–04 में क्रमशः 38 एवम् 38 प्राथमिक विद्यालय खोले जाने प्रस्तावित है।

नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना –

नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालयों के खोलने सर्वे के आधार 319 ऐसी बस्तियां [illegible] जिनकी आबादी [illegible] से अधिक है तथा 3 कि०मी० की परिधि में उ० प्रा० विद्यालय की सुविधा उपलब्ध नहीं है जिनका विकास खण्डवार विवरण सारणी 6.4 में अंकित है। सर्व शिक्षा अभियान में प्रत्येक दो प्राथमिक विद्यालयों पर एक उच्च प्राथमिक विद्यालय की स्थापना नीति की जाये तो आकलन के अनुसार 602 की आवश्यकता होगी परन्तु सारणी [illegible] के आधार पर 319 ऐसी असेवित बस्तियां चिन्हित की गयी है जहां उ० प्रा० वि० की सुविधा उपलब्ध नहीं है। अतः 300 उ० प्रा० वि० खोले जाना प्रस्तावित है।

सारणी 6.3

क्र0	विवरण	ग्रामीण	नगर	योग
1–	वर्तमान परिषदीय प्राथमिक विद्यालय	1559	153	1712
2–	प्रस्तावित परिषदीय प्राथमिक विद्यालय	174	–	174
3–	1:2 वर्तमान अनुपात में प्रस्तावित उच्च प्राथमिक विद्यालय	866	19	885
4–	वर्तमान में उपलब्ध उच्च प्राथमिक विद्यालय	186	19	205
5–	1:2 अनुपात से उच्च प्राथमिक विद्यालय आवश्यकता	680	–	680
6–	11 वें वित्त आयोग से स्वीकृत उ0 प्रा0 वि0 कुल आवश्यकता	602		602

[illegible] उ0 प्रा0 वि0 को खोला जाना प्रस्तावित है। साल वार 2001–02, 2002–03, 2003–04 एवं 2004–05 में क्रमशः 20, 80, 100 एवं 100 उ0 प्रा0 वि0 खोले जाना प्रस्तावित है।

विकास खण्डवार असेवित बस्तियों की संख्या जिनकी आबादी 300 से अधिक है तथा 3 किमी0 की परिधि में उ0 प्रा0 विद्यालय उपलब्ध नहीं है।

सारणी 6.4

क्र0 सं0	ब्लाक का नाम	उच्च प्राथमिक वि0 खोलने हेतु असेवित बस्तियों की सं0 जिनकी आबादी 300 से अधिक तथा 3.0 किमी0 की परिधि मे विद्यालय नही है।
1	मुरादाबाद	11
2	मूढ़ापाण्डे	30
3 -	भगतपुर टांडा	30
4 -	छजलैट	17
5 -	ठाकुरद्वारा	26
6 -	डिलारी	14
7 -	बिलारी	15
8 -	कुन्दरकी	20
9	बनियाखेड़ा	25
10 -	बहजोई	21
11 -	सम्भल	32
12	पंवासा	31
13 -	असमौली	30
14 -	सम्भल शहर	30
15 -	चन्दौसी शहर	–
16 -	मुरादाबाद शहर	
	योग	302

स्रोत— जि0 बे0 शिक्षा अधिकारियों के द्वारा प्राप्त आंकड़ों के आधार पर।

[illegible] विद्यालय [illegible]

[illegible] की पूर्ति हेतु [illegible]

[illegible] जायेगी। इस उपलब्ध [illegible]

करवाया जायेगा। इस धनराशि से निम्नलिखित [illegible] कुछ [illegible]

[illegible], कुर्सी, चार्ट, [illegible]

[illegible] इक्यूपमेंट [illegible]

[illegible], [illegible] युक्त [illegible] की [illegible] कक्षा [illegible]

[illegible], शैक्षिक चार्ट, [illegible]

[illegible] आदि)। उक्त सामग्री [illegible]

[illegible] जायेगी, किन्तु [illegible]

[illegible] इसलिये इनका [illegible]

[illegible] जायेगी।

[illegible] 1000 [illegible]

[illegible]

[illegible] जायेगी [illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible] कम टीचिंग मैटेरियल, [illegible]

[illegible], शैक्षिक चार्ट, [illegible] इस [illegible] आदि [illegible]

[illegible] सामग्री की व्यवस्था ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से करवायी जायेगी। [illegible]

विद्यालय भवन, शौचालय, पेयजल एवं चाहर दीवारी की व्यवस्था

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत नवीन प्राथमिक विद्यालय में दो कक्षा का निर्माण प्रस्तावित है। तथा छात्र संख्या वृद्धि होने पर अतिरिक्त कक्षा कक्ष प्रस्तावित है। प्रत्येक विद्यालय में छात्र एवम् छात्राओं के लिये पृथक्-पृथक शौचालय का निर्माण कराया जायेगा। उच्च प्राथमिक विद्यालय भवन में चार कक्ष तथा एक प्रधानाध्यापक कक्षा का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है उ० प्रा० में भी छात्र संख्या में वृद्धि होने पर अतिरिक्त कक्षा कक्षों का निर्माण कराया जायेगा।

विद्यालय प्रांगण को सुसज्जित सौन्दर्यवर्धक सुरक्षित एवम् वृक्षारोपण के उद्देश्य से चाहर दीवारी का निर्माण कराया जायेगा। प्रत्येक् विद्यालय में स्वच्छ एवम् मृदुल पीने के पानी की व्यवस्था हेतु इण्डिया मार्का रीबोरिंग हैण्ड पम्प लगाये जाने का प्रस्ताव अभियान के अन्तर्गत रखा गया है।

निर्माण कार्यदायी संस्था -

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत निर्माण विद्यालय भवनों के निर्माण शौचालय चाहर दीवारी अन्य सभी निर्माण कार्य सामुदायिक सहभागिता को दृष्टिगत रखते हुये ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से कराया जायेगा

शिक्षकों की व्यवस्था -

प्रत्येक नवीन प्रा० विद्यालय में कम से कम एक अध्यापक तथा एक शिक्षा मित्र नियुक्त कराने का प्राविधान किया गया है छात्र संख्या वृद्धि होनेपर अध्यापक

संख्या में वृद्धि किया जाना भी प्रस्तावित है। प्रत्येक नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालय में एक प्रधान अध्यापक तथा चार सहायक अध्यापकों सहित कुल पांच अध्यापकों की व्यवस्था की जायेगी जिसको छात्र संख्या वृद्धि होने पर नियमानुसार एवम् मानक अनुसार बढ़ाया जा सकता है। चार अध्यापकों में से एक विज्ञान एक गणित तथा एक संयुक्त, अंग्रेजी तथा एक उर्दू अध्यापक तथा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु एक महिला शिक्षक व्यवस्था की जायेगी। आगामी वर्षों में शिक्षकों की आवश्यकता प्राथमिक विद्यालयों में सारणी [illegible] एवम् उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 6.6 में प्रदर्शित है।

परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों की वर्तमान स्थिति एवम् आगामी वर्षों में शिक्षकों की आवश्यकता एवम् वर्षवार व्यय विवरण

सारणी 65

क्र0 सं0	वर्ष	परिषदीय कुल विद्यालय	नवीन विद्यालय	1:8 दर से शिक्षकों की आवश्यकता			वर्तमान कार्यरत स्वीकृत शिक्षक			शिक्षकों की अतिरिक्त आवश्यकता			अतिरिक्त प्र0 अ0 पर व्यय		अतिरिक्त सहायक अध्यापकों पर व्यय	
				प्र0 अ0	स0 अ0	योग	प्र0 अ0	स0 अ0	योग	प्र0 अ0	स0 अ0	योग	क्रमागत योग	व्यय वेतन प्र0 अ0	क्रमागत योग	व्यय वेतन
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17
[illegible]	2001-02	205	0	[illegible]	[illegible]	[illegible]	162	938	[illegible]	43	18	43	43	6192	--	--
[illegible]	2002-03	205	183	[illegible]	1552	1940	205	838	1043	183	714	897	226	32544	714	85680
[illegible]	2003-04	388	136	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	1552	1940	[illegible]	544	[illegible]	362	52128	1258	150960
[illegible]	2004-05	524	120	644	2576	3220	524	[illegible]	2520	120	[illegible]	[illegible]	482	[illegible]	1738	208560
[illegible]	2005-06	644	83	727	2908	3628	644	2576	3220	33	332	415	565	81360	2070	248400
[illegible]	2006-07	727	80	807	3228	4035	727	2908	3635	[illegible]	[illegible]	400	645	92880	2390	286800
[illegible]	2007-08	807	0	[illegible]	[illegible]	[illegible]	807	3228	4035	0	[illegible]	[illegible]	645	92880	2390	286800
[illegible]	2008-09	807	0	807	3228	4035	807	3228	4035	0	0	0	645	92880	2390	286800
[illegible]	2009-2010	807	0	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	3228	[illegible]	0	0	[illegible]	645	[illegible]	2390	286800

नोट :- वर्तमान विद्यालयों की संख्या के आधार पर आवश्यकतानुसार प्रथम वर्ष में मात्र 43 अध्यापकों की कमी को तत्काल के लिये पूर्ण किया जाना है। शेष वर्षों में नवीन उ0 प्र0 विद्यालयों के खुलने के कारण आवश्यकता प्रदर्शित की गयी है जो पहुँच के विस्तार में ही अध्यापकों की नियुक्ति कर पूर्ण कर ली जायेगी।

परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की वर्तमान स्थिति एवं आगामी वर्षों में शिक्षकों की आवश्यकता

सारणी 3.266

क्र.सं.	वर्ष	परिषदीय कुल नामांकित बच्चे	वर्तमान स्वीकृत पद शिक्षक	वर्तमान स्वीकृत पद शि.मित्र	शिक्षक+शि. मित्र योग 4+5	40:1 का दर से आवश्यकता	कमी	नवीन प्र. वि. के शिक्षक+शि. मित्र	आवश्यक अन्य शिक्षक	आवश्यक अन्य शि.मित्र	आवश्यक शिक्षक संभावित योग	आवश्यक शि.मित्र संभावित योग	कुल शिक्षक 4+10	कुल शि. मित्र 5+11
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
1-	2001-02	298334	5178	629	5807	7458	1651	46	802	801	802	801	5980	1430
2-	2002-03	318421	5980	1430	[illegible]	7961	[illegible]	[illegible]	200	201	1002	1002	6180	1631
3-	2003-04	345242	6180	1631	7811	8631	[illegible]	[illegible]	335	335	1337	1337	6515	1966
4-	2004-05	362578	6515	1966	8481	9064	583	[illegible]	292	291	1629	1628	6807	2257
5-	2005-06	369829	6807	2257	9064	9246	182	0	91	91	1720	1719	6898	2348
6-	2006-07	377226	6898	2348	9246	9431	185	0	92	93	1812	1812	6990	2441
7-	2007-08	384770	[illegible]	2441	[illegible]	9619	[illegible]	0	94	94	1906	1906	7084	2535
8-	2008-09	392466	[illegible]	2535	9619	9812	[illegible]	0	96	97	2002	2003	7180	2632
9-	2009-10	400315	7180	2632	9812	10008	196	0	98	98	2100	2101	7278	2730

अध्याय—7

शिक्षा की [illegible] का विस्तार [illegible]

[illegible] योजना/[illegible] शिक्षा/[illegible] शिक्षा योजना

[illegible] मुरादाबाद [illegible] के कारण पीतल [illegible] के नाम से विख्यात है। जिसमें [illegible] आयु [illegible] के बच्चे इस [illegible] में कार्यरत हैं। ग्राम सर्वेक्षण के आधार पर 6–14 [illegible] के बच्चे अब भी [illegible] विद्यालय से बाहर हैं जिनमें [illegible] 43381 तथा [illegible] की 47171 [illegible]

[illegible] दृष्टिगत रखते हुए [illegible] शिक्षा अभियान में अनौपचारिक शिक्षा [illegible] योजना/बैकलॉग [illegible] शिक्षा [illegible] गया है।

अनौपचारिक शिक्षा –

[illegible] शिक्षा [illegible]

सरकार [illegible] व्यापक प्रयास [illegible] देश की [illegible] वृद्धि के कारण [illegible] शिक्षा [illegible] आवश्यकता [illegible] करने हेतु औपचारिक [illegible] पूरे देश के [illegible] शिक्षा का कार्यक्रम [illegible] इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 6–11 आयु के बच्चों को जो किसी कारण से विद्यालय में नामांकित नहीं हो सके थे नामांकित करने का लक्ष्य रखा गया स्कूल न जाने के विभिन्न कारण थे जैसे निकटवर्ती स्थान पर औपचारिक विद्यालय उपलब्ध न होना, कामकाज में लगे रहने के कारण विद्यालय न जाना किसी गृह कार्य के कारण विद्यालय छोड़ देना आदि। इन कारणों को दृष्टिगत रखते हुये

बालिकाओं को कामकाजी बच्चों को औपचारिक [illegible]/अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से शिक्षा उपलब्ध करायी गयी।

यह योजना शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े [illegible] बालिकाओं, महिला [illegible] के [illegible] शिक्षा [illegible] अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों [illegible] बालिकाओं के लिये संचालित करने हेतु 10 : 10 के अनुपात में [illegible] राज्य द्वारा प्रदत्त आर्थिक सहायता से चलायी गयी। यह योजना वर्तमान समय में 09 राज्यों तथा [illegible] शासित प्रदेश में संचालित है जिसके अन्तर्गत [illegible] में चलाये जा रहे 2 [illegible] 09 [illegible] अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों में [illegible] हजार बच्चे नामांकित हुए कुल केन्द्रों में [illegible] 16 हजार केन्द्र केवल बालिकाओं के लिए शिक्षा प्रदान करा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में यह कार्यक्रम सभी जनपदों में संचालित किया गया, प्रदेश में कुल 800 परियोजनायें संचालित रही हैं प्रत्येक परियोजना में 100 अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र [illegible] संचालित किये गये। [illegible] द्वितीय [illegible] के पश्चात [illegible] संचालित [illegible] शिक्षा को मुख्य धारा से [illegible] संचालित [illegible] जिसमें बालिकाओं [illegible]

जनपद मुरादाबाद के 13 विकास खण्डों में [illegible] 08 में [illegible] परियोजनायें संचालित हैं। शेष 05 विकास खण्डों में यह कार्यक्रम संचालित

उपलब्धि एवं विश्लेषण :-

प्राथमिक विद्यालय के सार्वभौमिकरण की दृष्टि से इस कार्यक्रम से उपलब्धियां हो रही हैं परन्तु संकल्पनाओं आशाओं के साथ योजना संचालित की गयी थी लेकिन उतनी उचित उपलब्धियां नहीं प्राप्त हो सकी।

अनौपचारिक शिक्षा के अन्तर्गत प्रत्येक परियोजना में 100 केन्द्र संचालित किये गये तथा प्रत्येक केन्द्र पर 25 बच्चे नामांकित करने का लक्ष्य रखा गया इस प्रकार प्रत्येक परियोजना में 2 वर्षों के लिये 2500 छात्र/छात्राओं को नामांकित करने का लक्ष्य निर्धारित किया उपलब्ध आकड़ो के आधार पर इन 2500 छात्र/छात्राओं में से कक्षा–5 की परीक्षा में औसतन 1050 छात्र सम्मिलित हुए सम्मिलित छात्रों में से लगभग 800 छात्र उत्तीर्ण हुए जिनमें से लगभग 25 प्रतिशत छात्रों ने निर्गम प्रमाण पत्र लेकर कक्षा–6 में 20 प्रतिशत छात्रों ने प्रवेश लिया तथा शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़े इस प्रकार इस कार्यक्रम द्वारा निर्धारित लक्ष्य को उपलब्धित नहीं हो सकी तथा स्कूल त्यागी बच्चों को भी आशा के अनुसार मुख्य धारा से नहीं जोड़ा जा सका।

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम --

जनपद मुरादाबाद वर्ष 97–98 से डी0 पी0 ई0 पी0 से आच्छादित जनपद में इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 160 वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है जिसमें 60 शिक्षा घर, 20 प्रहर पाठशाला 10 बालशाला, 20 मकतब तथा 50 ई0 जी0 एस0 केन्द्र संचालित किये जा रहे है। इन केन्द्रों में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 4800 है।

डी0 पी0 ई0 पी0 के अन्तर्गत व आवश्यकतानुसार दो विकास खण्डों तथा नगर में आवश्यकतानुसार वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र संचालित किये गये इन केन्द्रो के लिये अनुदेशकों का चयन प्रशिक्षण, मानदेय, पाठ्य पुस्तक, शिक्षण सामग्री की व्यवस्था डी0 पी0 ई0 पी0 के मद से की गयी। सभी विकास खण्डों में योजना केन्द्र संचालित नहीं हो पाये। जिन आधारों तथा आकांक्षाओं पर केन्द्रों का संचालन किया गया उतनी उपलब्धि नहीं हो पायी शाला त्यागी बच्चे वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रो में नामांकित तो हुए परन्तु उतनी संख्या में मुख्य धारा से नहीं जुड़ पाये। परियोजना के लक्ष्य के अनुसार वर्ष 98-99 में 50 केन्द्र तथा 99-2000 में 170 केन्द्रो का संचालन किया गया। जिसमें लगभग 4800 बच्चों का नामांकन हुआ उनमें से 1600 बच्चों का नामांकन प्राइमरी विद्यालय में हुआ।

ई0 जी0 एस0 केन्द्र (शिक्षा गारंटी योजना)

ई0 जी0 एस0 केन्द्रों का संचालन सर्व शिक्षा अभियान के अन्दर [illegible] स्टेट सोसाइटी उ0 प्र0 सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद लखनऊ के द्वारा किया जायेगा। इस तरह के केन्द्रो पर 6 से 8 वर्ष के बच्चे पंजीकृत किए जायेंगे इन केन्द्रों को ऐसे स्थल पर संचालित किया जायेगा जो मजरे, टोले, बस्ती प्रा0 वि0 से 1 कि0मी0 की परिधि के बाहर होंगे तथा जहां स्कूल न जाने वाले 30 बच्चे उपलब्ध होंगे, इन केन्द्रो पर कक्षा-01 से 02 तक शिक्षण व्यवस्था की जायेगी। इन केन्द्रों पर एक [illegible] आचार्य दीदी की नियुक्ति का प्रस्ताव रखा गया है। जनपद में कुल 75 केन्द्र खोले जाना प्रस्तावित है जो सत्र 2001-02, 2002-03 में क्रमशः 25 एवं 50 खोले जायेंगे।

परिवार सर्वेक्षण स्कूल से बाहर बच्चों का विवरण

5 से 6 वर्ष			7 से 10 वर्ष			11 से 14 वर्ष			योग		
बालक	बालिकाएँ	योग	बालक	बालिकाएँ	योग	बालक	बालिकाएँ	योग	बालक	बालिकाएँ	योग
16363	18596	34959	21671	21758	43429	24071	27117	51188	62105	67471	129576

चिहिन्त बच्चों का कारण

	5 से 6 वर्ष		7 से 10 वर्ष		11 से 14 वर्ष		योग		
	बालक	बालिकाएं	बालक	बालिकाएं	बालक	बालिकाएं	बालक	बालिकाएं	योग
1. अपने घर के कामों में लगा रहना	3862	4127	13746	14097	12684	12404	30292	30628	60920
2.भाई बहन की देखभाल	3975	5596	5034	0	0	0	90009	5596	14605
3.मजदूरी मे लगे रहना	1309	193	1094	587	4032	826	6435	1606	8041
4.विद्यालय दूर होने के कारण	441	359	549	390	739	1482	1729	2231	3960
5.अन्य कारण	6776	8321	1248	6648	6614	12405	14640	27410	42050

स्कूल चलो अभियान की अद्यतन प्रगति (वर्ष 2003–2004)

क्रम सं0	जनपद	परिवार सर्वेक्षण के दौरान स्कूलजाने वाले चिन्हित बच्चों की संख्या									महा योग	स्कूल जाने वाले बच्चों के सापेक्ष 31.8.03 तक विद्यालय में नामांकित कराये गये बच्चों की संख्या									महा योग
		5+ से 6+			7+ से 10+			11+ से 14+				5+ से 6+			7+ से 10+			11+ से 14+			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22
1	मुरादाबाद	16368	18601	34969	24671	26758	51429	24071	27117	51188	137586	12950	11980	24930	18105	17610	35715	18500	17950	36450	97095

विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी
सर्व शिक्षा अभियान, मुरादाबाद

स्कूल से बाहर बच्चों को स्कूल में लाने के लिए रणनीति/ कार्य योजना:—

शिक्षा गारन्टी:—

शिक्षा गारन्टी योजना के अन्तर्गत वर्ष 2003 में जनपद मुरादाबाद में 200 केन्द्रों का लक्ष्य है यह सुविधा उन बच्चें के लिए हैं जो विद्यालय सुविधा उपलब्ध न होने के कारण शिक्षा से वंचित रह जाते है। उनको कक्षा 1 व दो की शिक्षा देकर बच्चों का नामांकन औपचारिक विद्यालय में कक्षा 3 में प्रवेश दिलाकर शिक्षा की मुख्य धारा से जोडा जायेगा। इन 200 केन्द्रों के माध्यम से लगभग 8000 बच्चों का नामांकन मुख्य धारा में कराया जायेगा।

ई0जी0एस0 का वर्षवार लक्ष्य:—

वर्ष	केन्द्र	अनुमानित नामांकन संख्या
03—04	200	7068
04—05	200	7500
05—06	200	7000
06—07	200	6000
योग:—	800	27568

अनुदेशक का चयनः–

ग्राम शिक्षा समिति द्वारा गोष्ठी के अनुसार चयनित करके चयन किया जायेगा।

प्रशिक्षणः–

ई0जी0एस0 केन्द्रों पर शिक्षण कार्य करने वाले आचार्य का जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा एक माह का प्रशिक्षण दिलाया जायेगा।

शिक्षण सामग्रीः–

प्रत्येक केन्द्रों पर मानक के अनुसार शिक्षण समिति की व्यवस्थायें है।

मानदेयः–

ई0जी0एस0 केन्द्र के आचार्या/ दीदी को प्रतिमाह 1000/– एक हजार मानदेय के रूप में दिया जायेगा।

ए0आई0ई0 प्राथमिक –

मुरादाबाद पीतल नगरी से जाना जाता है। पीतल उद्योग में आज भी बहुत से बच्चे काम करते है मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण बालिका शिक्षा स्थिति शोचनीय है। कई सामाजिक परिस्थितियों के कारण विद्यालय के समय में बालक बालिकायें विद्यालय में प्रवेश नही ले पाते है। ऐसे बच्चों के लिए सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्राथमिक केन्द्रों की व्यवस्था। इसमें 6–14 वर्ष के बच्चे स्तर के आधार पर नामांकन करके 1 से 5 तक की कक्षा की पढ़ाई कर सकते है इस वर्ष का लक्ष्य 14 है।

एओआइ०इ० प्राथमिक केन्द्रों का लक्ष्य:—

वर्ष	केन्द्र	अनुमानित संख्या
03—04	14	560
04—05	39	1560
05—06	69	2760
06—07	69	2760

उच्च प्राथमिक:— उच्च प्राथमिक व्यवस्थाओं के अन्तर्गत देखा गया है कि आज भी सुदूर क्षेत्र में उच्च प्राथमिक विद्यालय की कमी दिखायी देती है। बच्चे 5 वीं परीक्षा औपचारिक तथा अनौपचारिक रूप कर लेते है परन्तु उच्च प्राथमिक विद्यालय व्यवस्था न होने के कारण आगे पढाई रूक जाती है। बालिकाओं को लोग सुरक्षा के हिसाब से दूर नही भेजना चाहते है। ऐसी परिस्थिति में उच्च प्राथमिक केन्द्रो की व्यवस्था सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत रखी गयी है। वर्ष 2003—04 में इन केन्द्रो का लक्ष्य 14 लाख है। आगामी वर्षो में भी इन केन्द्रों के माध्यम से 6 से 8 तक शिक्षा दिलवायी जायेगी।

लक्ष्य उच्च प्राथमिक (A.I.E.)

वर्ष	केन्द्र	अनुमानित संख्या
03—04	100	4000
04—05	160	6400
05—06	160	6400
06—07	160	6400

उच्च प्राथमिक केन्द्रों में दो अनुदेशक शिक्षण-कार्य हेतु रखे जाने का प्राविधान है। एक अनुदेशक साहित्य वर्ग से तथा दूसरा अनुदेशक विज्ञान वर्ग से चयनित किया जायेगा।

ब्रिज कोर्स / गैर आवासीय :-

मलिन बस्तियों के बाल श्रमिक, घुमन्तु बच्चे चाय की दुकान एवं होटलों में काम करने वाले बच्चे लघु उद्योगों में लगे बच्चों के लिए ग्रीष्म कालीन शिविर अथवा ब्रिज कोर्स आयोजित किये जायेगे। इन ब्रिज कोर्सों में 40 से 50 तक की संख्या में शिक्षा की व्यवस्था की जायेगी। इन शिविरों के माध्यम उचित माहौल में रहकर बच्चे शिक्षा से जुडकर मुख्य धारा में प्रवेश कर सकेगें।

इस वर्ष प्रत्येक न्याय पंचायत स्तरपर ब्रिज कोर्स संचालित करने का लक्ष्य है।

वर्ष	ब्रिज कोर्स की संख्या	अनुमानित संख्या
03–04	94	3760
04–05	13	520
05–06	13	520
06–07	13	520

लगभग वर्ष 2007 तक बच्चे शिविर में पढ़ाई करके मुख्य धारा में प्रवेश कर सकते हैं।

आवासीय ब्रिज कोर्स:–

बालिकाओं के लिए सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत आवासीय ब्रिज कोर्स की व्यवस्थायें हैं। इस वर्ष 13 आवासीय ब्रिज कोर्स का लक्ष्य है। इसके लिए एन0जी0ओ0 की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। कार्यक्रम को देखते हुये इन ब्रिज कोर्स का लक्ष्य बदला जा सकता है।

स्कूल से बाहर बच्चो के लिए रणनीति / कार्य योजना

1— सर्व प्रथम प्राथमिक विद्यालय में नामांकन

2— जागृति तथा स्कूल अभियान के अन्तर्गत नामांकन

3— मात्र शिक्षा संघ तथा ग्राम शिक्षा समितियों के साथ बैठने के तथा विद्यालय में नामांकन।

4— वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों के अन्तर्गत ई0जी0एस0 केन्द्रों की स्थापना (जहाँ पर विद्यालय पहुँच से बाहर है।)

5— बाल श्रमिक तथा कामकाजी बच्चों के लिए प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक केन्द्रों की स्थापना (जो बच्चे विद्यालय समय में प्रवेश नहीं ले पाते)

6— विशेष रूप से बालिकाओं के लिए आवासीय तथा गैर आवासीय ब्रिज कैम्पों की व्यवस्थायें जो बच्चे शिक्षा त्यागी या बड़ी बच्चियाँ जो विद्यालय में प्रवेश लेने में हिचक रखते है।

इण्डो–यू. एस. डोल प्रोजेक्ट

भारत सरकार द्वारा प्रदेश के 5 जनपदों – अलीगढ़, इलाहाबाद, फिरोजाबाद, मुरादाबाद तथा कानपुर नगर में बाल श्रमिकों को ट्रांजिनशल एजूकेशन सेन्टर एवं अल्टरनेटिव सेन्टर के माध्यम से प्रारम्भिक शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु 'इण्डो–यू.एस डोल प्रोजेक्ट' स्वीकृत किया गया है। इस प्रोजेक्ट में भारत सरकार, यूनाइटेड स्टेट तथा श्रम विभाग की भागीदारी है। यह प्रोजेक्ट सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत संचालित किया जायेगा। प्रोजेक्ट के अन्तर्गत सर्वेक्षण कराकर बाल श्रमिकों को चिन्हित किया जायेगा और उनकी शिक्षा हेतु स्थानीय आवश्यकता के अनुसार एजूकेशन सेन्टर स्थापित किये जायेगें अथवा औपचारिक विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जायेगा।

इण्डो–यू. एस. डोल प्रोजेक्ट के संचालन क्रियान्वयन, अनुश्रवण एवं समन्वय हेतु जनपद स्तर पर एक सहायक शिक्षा अधिकारी, एक सहायक, एक आशुलिपिक तथा एक परिचारक के वेतन की व्यवस्था किया जाना प्रस्तावित है जो कि भारत सरकार के अंशदान के रूप में मानी जायेगीं।

वैकल्पिक तथा नवाचार शिक्षा कार्यक्रम –

परिवार की आर्थिक सहायता में वृद्धि के लिए बालक बालिकाओं की शिक्षा बीच में ही छुड़वाने के फलस्वरूप ड्राप आउट की संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है विशेषकर काम काजी बच्चे (बाल श्रमिको) तथा ऐसे बच्चे जो बढ़ती उम्र के कारण झिझक महसूस करते है को मुख्य धारा को जोड़ने के लिये वैकल्पिक तथा नवाचार शिक्षा केन्द्रों का आयोजन किया जायेगा। यह केन्द्र प्राथमिक 6–11 उम्र के तथा उच्च प्राथमिक 11–14 वर्ग के बच्चो के लिये दोनो स्तर के होंगे।

मुख्यतः झुग्गी, झोपड़ी, मलिन बस्तियां, बाल श्रमिको से आच्छादित स्थल जहाँ पर 6–11, 11–14 आयु वर्ग के ड्राप आउट बच्चे उपलब्ध होंगे तथा विद्यालय न जाने वाले 30 बच्चे उपलब्ध होंगे वहां नवाचार एवं वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र स्थापित किये जायेंगे। इन केन्द्रों पर जिस स्तर के बच्चे होंगे पढ़ाई पूर्ण कराकर किसी भी समय योग्यतानुसार औपचारिक शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ दिया जायेगा इन केन्द्रों पर बच्चे का प्रवेश किसी भी समय किया जा सकता है। इसके लिये मानक निदेशक बेसिक और अपर निदेशक राज्य परियोजना द्वारा निर्धारित किया जायेगा। प्राथमिक स्तर के वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र पर आचार्य जी/दीदी जी एवम् उच्च प्राथमिक केन्द्र आचार्य जी/दीदी जी की व्यवस्था प्रस्तावित है। जनपद में 160 केन्द्र ज्ञान शाला प्रस्तावित हैं जो सत्र 2001–02 व 2002–03 में क्रमशः 60 व 100 खोले जायेंगे।

ई० जी० एस०, वैकल्पिक नवाचार शिक्षा (ए० आई० ई०) केन्द्रो की स्थापना हेतु प्राथमिकता –

1– अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्र –

2– ऐसे क्षेत्र जहां बालिकाओं का नामांकन प्रतिशत कम है।

ऐसे क्षेत्र जहाँ ड्रॉप आउट के कारण विद्यालय न जाने वाले बच्चों की संख्या अधिक है।

स्ट्रीट चिल्ड्रन, बाल श्रमिक, घुमन्तु, खतरनाक उद्योगों में संलग्न बच्चों की संख्या बाहुल्य क्षेत्र।

आचार्य जी/दीदी जी का चयन --

1 - नियुक्ति की प्रक्रिया तथा योग्यता विवरण –

आचार्य जी एवं दीदी जी की नियुक्ति ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से की जायेगी। ग्राम शिक्षा समिति द्वारा आचार्य एवं दीदी की नियुक्ति हेतु प्रचार एवं प्रसार कर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जायेंगे। प्राप्त आवेदन पत्रों का विश्लेषण कर ग्राम शिक्षा समिति उपयुक्त व्यक्तियों की सूची अभ्यर्थियों के द्वारा प्राप्त अंक पत्रों के आधार पर तैयार करेगी। चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार भी होगा। ग्राम के निवासी को प्राथमिकता दी जायेगी। तथा ग्राम में अर्ह अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर निकटवर्ती ग्राम निवासी को नियुक्त किया जायेगा।

नगर क्षेत्र के अन्तर्गत संचालित वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र के आचार्य/दीदी का चयन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शिक्षा अधीक्षक नगर क्षेत्र, सभासद सम्बन्धित वार्ड, नगर क्षेत्र का वरिष्ठतम प्रधान अध्यापक/शिक्षक की संयुक्त समिति द्वारा किया जायेगा।

प्राथमिक स्तर शिक्षा केन्द्र हेतु –

न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल

2– न्यूनतम आयु 18 वर्ष होगी तथा अधिकतम आयु सीमा नहीं रखी गयी है।

3– अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रो पर अनुदेशक के रूप में 3 वर्ष की सन्तोष जनक सेवा पर 5 अंक का बोनस दिया जायेगा।

4– महिलाओं को वरीयता दी जायेगी सर्वाधिक अंक प्रतिशत पर वरीयता क्रम निर्धारित किया जायेगा।

5 उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षा केन्द्रो पर आचार्य जी/दीदी जी के चयन हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता स्नातक तथा न्यूनतम आयु 21 वर्ष तक अधिकतम आयु की कोई सीमा नहीं है स्नातक अभ्यर्थी न मिलने पर इन्टरमीडिएट महिलाओं को रोका जायेगा।

आचार्य जी/दीदी जी का प्रशिक्षण –

आचार्य जी एवं दीदी जी का तीस दिवसीय प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अथवा ब्लाक रिसोर्स सेन्टर पर आयोजित किया जायेगा। प्रत्येक चयनित आचार्य एवं दीदी जी का एक माह का प्रशिक्षण जिला शिक्षा संस्थान द्वारा डायट के प्रवक्ताओं, सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी/एस0 डी0 आई0/ब्लाक प्रोग्राम आफीसर/ब्लाक रिसोर्स पर्सन तथा योग्य अध्यापक, सन्दर्भ व्यक्तियों के माध्यम से कराया जायेगा। प्रशिक्षण हेतु जिला स्तरीय समिति द्वारा रू0 1500/- प्रति आचार्य/दीदी जी की दर से धन राशि जिला शिक्षा और प्रशिक्षण को आवंटित करेगी। आगामी प्रशिक्षण अवधि में आचार्य/दीदी जी का मानदेय की कोई धनराशि देय नहीं होगी।

आचार्य/दीदी जी का मानदेय –

आचार्य/दीदी जी का मानदेय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा

प्रति आचार्य/दीदी जी 1000/– की धनराशि ग्राम शिक्षा समिति के संयुक्त खाते में प्रति माह हस्तांतरित कर दी जायेगी। जिसे अध्यक्ष एवं सचिव ग्राम शिक्षा समिति द्वारा माह के प्रथम सप्ताह में आचार्य/दीदी जी को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दिया जायेगा। मानदेय की धनराशि एक बार में 6 माह को अग्रिम के रूप में समिति खाते में हस्तान्तरित की जायेगी तथा ए0 बी0 एस0 ए0/एस0 डी0 आई0 की संस्तुति पर अगले 6 माह की धनराशि खातों में हस्तान्तरित कर दी जायेगी।

नगर क्षेत्र में शिक्षा अधीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आचार्य/दीदी जी की सेवा संस्तुति संयुक्त रूप से की जायेगी। इस प्रकार की धनराशि बी0 एस0 ए0 द्वारा शिक्षा अधीक्षक को उपलब्ध करा दी जायेगी।

शिक्षा गारंटी योजना तथा वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों के संचालन का समय व स्थल –

सार्वजनिक स्थल, चौपाल, विवाद रहित भवन, आदि में यह केन्द्र संचालित किये जायेंगे। केन्द्र संचालन की अवधि 4 घंटे प्रतिदिन होगी। यह अवधि प्रातः 9 से सायं 4 बजे के मध्य होगी। इसके साथ समय का निर्धारण उपलब्ध छात्रों की परिस्थितियां दृष्टिगत रखते हुये किया जायेगा।

सभी बस्तियों व नगरीय क्षेत्रों में माइक्रोप्लानिंग द्वारा 2001–2002 में आंकलन किया जायेगा ताकि स्कूल से बाहर बच्चों, आयु वर्ग व कारणों को सही रूप से ज्ञात किया जा सके। यह सर्वेक्षण इसलिये किया जाना आवश्यक है ताकि 2002–2003 के बाद एस0 एस0 ए0, ई0 जी0 एस0/ए0 आई0 ई0 कार्यक्रमों को बच्चों के अभीष्ट वर्ग/चिन्हित समूह पर केन्द्रित किया जा सके। प्रस्ताव है कि

निकटतम विद्यालय के प्रधानाध्यापक/अध्यापकों का भी यह कर्तव्य होगा कि वह निरन्तर इन केन्द्रो का पर्यवेक्षण कर अपनी आख्या से ग्राम शिक्षा समिति/ब्लाक स्तरीय समिति को अवगत कराते रहेंगे।

पर्यवेक्षण की व्यवस्था --

अभिभावकों, शिक्षकों तथा स्थानीय समुदाय में बच्चों की शिक्षा के प्रति जागृति उत्पन्न करने तथा अनुकूल वातावरण सृजित करने हेतु सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत सामुदायिक गतिशीलता के कार्यक्रम प्रस्तावित किये गये हैं। इन कार्यक्रमों से स्वयं सेवी संगठनो को जोड़ा जायेगा। विशेष रूप से ग्राम शिक्षा समितियों के प्रशिक्षण, ग्राम स्तरीय सूक्ष्म नियोजन तथा विद्यालय एवं स्थानीय समुदाय को परस्पर समीप लाने की प्रक्रिया में स्वयं सेवी संगठनो का महत्वपूर्ण योगदान लिया जा सकता है। इस हेतु स्वयं सेवी संगठनों के चिन्हीकरण के लिए जनपद स्तर पर निर्धारित प्रक्रिया तथा पारदर्शी व्यवस्था अपनायी जायेगी, जिसके अन्तर्गत जनपद स्तर पर ख्याति प्राप्त एवं अनुभवी स्वयं सेवी संगठनो से प्रस्ताव आमंत्रित किये जायेगे इन प्रस्तावो को डेस्क टॉप अप्रेजल तथा फील्ड अप्रेजल स्थानीय अधिकारियों द्वारा किया जायेगा और संस्तुति प्रदान की जायेगी। स्वयं सेवी संगठनो के चयन का निर्णय जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला शिक्षा परियोजना समिति द्वारा किया जायेगा।

समेकित शिक्षा (विशेष वर्ग विकलांग हेतु शिक्षा)

शिक्षा के सार्वजनीकरण का लक्ष्य सभी को शिक्षित करना है। किन्तु वे बच्चे जो किसी भी शारीरिक अथवा मानसिक विकलांगता से ग्रस्त है शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते है सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत समेकित शिक्षा के माध्यम से

सामान्य बच्चों के साथ उन्हीं की तरह शिक्षा प्रदान करना है। इस अभियान के निम्न एवं मध्यम श्रेणी के अक्षम बच्चों को उपयुक्त वातावरण प्रदान करने की व्यवस्था की जानी जिससे उनका सामान्य बच्चों की ही भांति सर्वांगीण विकास हो सके। इस उद्देश्य की पूर्ति समुदाय, अभिभावकों, शिक्षकों को जागरूक कर इस कार्यक्रम में सम्मिलित किया जायेगा। तथा उनको सामान्य बच्चों की भांति प्राथमिक विद्यालयों/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा प्रदान की जायेगी।

विकलांगता एवं अक्षमता के प्रकार –

1– दृष्टि अक्षमता/विकलांगता
2– श्रवण एवं वाणी विकलांगता
3– अस्थि विकलांगता
4– मानसिक मन्दता
5– अधिगम अक्षमता

इन विकलांगताओं का कारण जैविकीय, परिवेशीय कुछ भी हो सकता है। मुरादाबाद जनपद में इन बच्चों की अनुमानित संख्या (विभागीय आंकड़ों के आधार पर) बालक 2966 तथा बालिका 1791 तथा कुल योग 4757 है जो कि विकलांगतावार निम्न सारणी से स्पष्ट है –

विकलांगता प्रकार	बालकों की संख्या	बालिकाओं की संख्या	योग
दृष्टि सम्बन्धी	2272	1343	3615
श्रवण एवं वाणी सम्बन्धी	194	145	339

दृष्टि सम्बन्धी	335	233	568
मानसिक अक्षमता	139	54	193
अधिगम अक्षमता	26	16	42
योग	2966	1791	4757

स्रोत -- बी0 आर0 सी0 सी0 द्वारा प्राप्त आंकड़े

अक्षमता के परिणाम --

1-- बच्चों में --

आत्म निर्भरता में कमी

चलने में परेशानी

समाज में उपेक्षित

2-- परिवार एवं समाज में --

अधिक ध्यान देने की आवश्यकता एवं आर्थिक बोझ अधिक उत्पादन एवं समाज में एकीकरण में कमी

3-- संवेदीकरण --

अक्षम बच्चों की शिक्षा के लिये निम्न संवेदीकरण आवश्यक है।

इन बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिये निम्नलिखित पहलुओं पर ध्यान दिया जायेगा --

परिवार समुदाय एवं अध्यापकों का संवेदीकरण --

विकलांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडने के लिये यह बहुत जरूरी है। अक्षम बच्चों की वास्तविक स्थिति में परिचित कराना तथा उन्हे सीखने के लिये पर्याप्त अवसर दिया जाना। इस प्रकार परिवार का मार्गदर्शन जरूरी है। अध्यापकों

का संवेदीकरण तथा प्रशिक्षण भी आवश्यक है। अक्षमत बच्चों को सहानुभूति नहीं बल्कि उनकी क्षमताओं को और विकसित करने की आवश्यकता है।

मेडिकल एसेसमेंट शिविर --

प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर कम से कम तथा अधिक से अधिक दो शिविर आयोजित किये जायेंगे जिससे प्रत्येक अक्षम बच्चों को विकलांगता प्रमाण पत्र निर्गत हो सके जिसके उपरान्त उन्हें उपकरण/उपस्कर प्रदान किये जायें।

उपकरण/उपस्कर शिविर --

मेडिकल एसेसमेन्ट के उपरान्त अक्षम बच्चों को उपयुक्त सहायक उपकरण प्रदान किये जायेंगे। इनकी आपूर्ति करने वाली संस्थाओं के नाम –

1-- राष्ट्रीय दृष्टि एवं विकलांग संस्थान, 116 राजपुर रोड, देहरादून।

2-- राष्ट्रीय मानसिक विकलांग केन्द्र, 13, लूकर गंज, इलाहाबाद।

3-- यू0 पी0 विकलांग केन्द्र, 13, लूकर गंज इलाहाबाद।

4-- नेशनल एसोसियेशन आफ द ब्लाइन्ड्स एजु0 डिपार्टमेंट, काटेनग्रीन, एल0 पी0 वाला काम्पलेक्स, बम्बई।

5-- अमर ज्योति रिहैबिलिटेशन सेंटर, कड़कड़डूमा, विकास मार्ग, दिल्ली।

6-- एलिम्को, जी0 टी0 रोड, कानपुर।

7-- अलीयावरजंग राष्ट्रीय श्रवण विकलांग संस्थान, बांद्रा बम्बई।

इन संस्थाओं से सम्पर्क स्थापित कर उपकरण/उपस्कर उपलब्ध कराये जायेंगे।

अध्यापकों का सेवारत प्रशिक्षण --

अध्यापकों के सेवारत प्रशिक्षण कार्यक्रम में स समेकित शिक्षा पर बल दिया जायेगा। इसमें प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों, सामान्य बच्चों के साथ विकलांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जायेगा। 05 दिवसीय प्रशिक्षण से अध्यापक/अध्यापिकायें प्रत्येक प्रकार की विकलांगता के विषय में सामान्य जानकारी प्राप्त करायी जायेगी। तथा इन अध्यापकों को प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया जायेगा।

मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण -

अध्यापकों को प्रशिक्षित करने हेतु सभी विकास क्षेत्रों के 4-4 मास्टर ट्रेनर्स का चयन करके उन्हें 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिलाया जायेगा ताकि वे अपने विकास क्षेत्रों में प्रशिक्षण दे सकें। यह दस दिवसीय प्रशिक्षण एडवांस स्टडीज इन स्पेशल एजूकेशन रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,/ बरेली से कराये जाने का प्रयास किया जायेगा।

शिक्षकों के लिये सामग्री का विकास -

सक्षम छात्रों की शिक्षा हेतु शिक्षकों के लिये विशेष सामग्री का मुद्रण कराया जायेगा जिसमें जनसमुदाय के लिये "आप क्या कर सकते हैं" फोल्डर तथा शिक्षकों के लिये हस्तपुस्तिका का विकास किया जायेगा तथा पांच विकलांगताओं-दृष्टि, श्रवण, अधिगम, अस्थि एवं मानसिक विकलांगता पर फोल्डर्स तैयार किये जायेंगे।

स्वयं सेवी संस्थान की भागीदारी –

विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को तकनीकी सहायता देने के लिये स्वयं सेवी संस्थाओं की सहायता ली जायेगी उनके प्रस्ताव प्राप्त किये जायेंगे जिसका टॉप अप्रेजल जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जायेगा। इन संस्थाओं की पात्रता निम्नलिखित होगी–

1– संस्था/सोसाइटी रजिस्ट्रेशन के अन्तर्गत कम से कम तीन वर्ष पूर्व रजिस्टर्ड हो।

2– संस्था के पास विकलांगता के क्षेत्र में विशेषज्ञ की उपलब्धता हो।

3– विकलांगता के क्षेत्र में कार्य करने का कम से कम दो वर्ष का अनुभव।

4– संस्था विकलांग जन अधिनियम 1995 की धारा 51 के अन्तर्गत पंजीकृत हो।

स्वास्थ्य परीक्षण सबसे आवश्यक कार्य स्वास्थ्य परीक्षण है इससे विकलांगता की जांच कराई जाये प्रा0 वि0/उच्च प्रा0 वि0 के प्रत्येक बालक/बालिका का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा उनमें प्रत्येक श्रेणी (कम, मध्यम, गम्भीर) की विकलांगता की जांच कराई जायेगी तथा स्वास्थ्य कार्ड का मुद्रण नहीं कराया जायेगा बल्कि पंजिका में कालम बनाकर उसमें प्रविष्टियां की जायेगी।

जनपद मुरादाबाद में 13 विकास खण्डों में यह व्यवस्था की जायेगी जिसका अनुमानित बजट निम्नवत है

1–	सर्वेक्षण	–	2000 X 13 =	26000
2–	मेडिकल एसेसमेंट	–	5000 X 11 =	55000
3–	प्रशिक्षण –			
	मास्टर ट्रेनिंग (10 दिवसीय)		2575 X 24 =	61800

फाउण्डेशन कोर्स 174240 X 25

43,56000—00

प्रा० शि० अ० प्रशिक्षण 1720 X 5175 / 37 = 2407070—00

4— सामग्री मुद्रण — 13,200 X 11 =

5 — उपकरण एवं उपस्कर — 10,000 X 11

वितरण कैम्प

6— रिसोर्स सेन्टर — 30,000 X 6 = 180,000—00

7 — अभिभावक परामर्श केन्द्र— 500 X 3 X 13= 19500—00

8 — वोकेशनल ट्रेनिंग — 3000 X 13

9 — वातावरण सृजन कैम्प — [illegible] X 11

10 — इन्फारमेशन कैम्प — 4757

11 — असिसमेन्ट आफ ए० जी० ओ० 3,00,000 X 13

12 — अन्य

नोट —

1 — मेडिकल एसेसमेंट कैम्प — 2 विकास क्षेत्रों का 1000 X 2

2 — वातावरण सृजन कैम्प — 2 विकास क्षेत्रों का 5300 X 2 =

3 — सामग्री मुद्रण कैम्प — 2 विकास क्षेत्रों का — 13200

4 — प्रशिक्षण (अध्यापक) — 1 विकास क्षेत्रों का 154800

5 — मास्टर ट्रेनिंग — 1 विकास क्षेत्रों का 3575 X 2 =

6 — उपकरण वितरण कैम्प — 2 विकास क्षेत्रों का 5500 X 2 का आवंटित बजट को छोड़कर बजट तैयार किया गया है।

अध्याय–9

डायट का परिचय

भारतीय संविधान के भाग–4 सेक्शन 42 में सभी के लिये शिक्षा की व्यवस्था का प्राक्तन है। राज्य सरकार अपनी आर्थिक क्षमताओं व सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा की व्यवथा करती है नीति निदेशक तत्वों में कहा गया है कि 14 वर्ष के बच्चों के लिये अनिवार्य तथा मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था करेगा। भारत में स्वतंत्रा प्राप्ति के पश्चात विभिन्न आयोगो की नियुक्तियां शिक्षा के स्तर में वृद्धि एवं गुणवत्ता के दृष्टिकोण से की गयी है।

कोठारी आयोग –

(1964–66) कोठारी कमीशन ने स्पष्ट किया कि सभी तथ्य जो शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं। विशेष रूप से शिक्षकों के (प्राथमिक) प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर जोर दिया गया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति –

1986 में बनी इसका नवीनीकरण 1992 में किया गया। इसकी सिफारिशों के आधार पर अध्यापक पुर्नबोध के लिये 216 डायट की स्थापना की गई। डायट कांठ की स्थापना 1992 में हुई जो वर्तमान समय में जनपद मुरादाबाद व जे0 पी0 नगर दोनो ही जनपदों को शैक्षिक मार्गदर्शन प्रदान कर रही है।

डायट की संकल्पना:-

स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरान्त भारतीय संविधान के 45वें अनुच्छेद में वर्णित सबके लिए शिक्षा अनिवार्य एंव निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था के अन्तगर्त मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार की संकल्पना के अनुसार शिक्षा में सार्वजनीकरण के लिए विशेष योजनायें बनायी गयी है। अतः एन0सी0ई0आर0टी0 नई दिल्ली के सोजन्य से भारत के प्रत्येक प्रान्त में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषदों का गठन किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 की संस्तुतियों के अनुसार शिक्षा के प्रचार एंव प्रसार के लिए जन--जन तक शिक्षा को पहुँचाने के अभिप्राय से राष्ट्र स्तर के प्रत्येक जनपद के ग्रामीण अंचल में नवोदय विद्यालय एवं जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना सुनिश्चित की गई। उत्तर प्रदेश में भी अक्टूबर 1987 के प्रथम चरण 20 जनपदों प्रथम पर संस्थानों को प्रारम्भ किया गया धीरे -धीरे इसी तारतम्य में द्वितीय चरण में 20 तथा तृतीय चरण में 25 जनपदों में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान संचालित किये गये। इन संस्थानों में मानवीय संसाधन की आपूर्ति हेतु नव सृजित पद निम्नवत है:-

संस्थागत व्यवस्था की एक झलक:--

1-- प्राचार्य --- 1 पद (डिप्टी डायरेक्टर कैडर का)

2-- उप प्राचार्य 1 पद (डी0आई0ओ0एस0 कैडर का)

3-- वरिष्ठ प्रवक्ता -6 पद (राजपत्रित क्लास -2 कैडर के)

4-- प्रवक्ता 16 पद

5-- तकनीकी सहायक संख्यिकीकार, कार्यानुभव शिक्षक -- 3 पद

6-- कार्यालय अधीक्षक, लेखाकार, कनिष्ठ लिपिक, प्रयोगशाला सहायक

7-- आशुलिपिक 1पद, पुस्तकालयाध्यक्ष तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी 5 पद

उर्पक्तलिखित जनशक्ति के सहयोग से जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान संचालित किये गये हैं

भौतिक संसाधन के अन्तर्गत संस्थान भवन, छात्रावास, काष्ठोपकरण विज्ञान आदि से सम्बन्धित शैक्षिक उपकरण, फोटो कापियार, कम्प्यूटर की व्यवस्था स्थानानुसार अन्य वित्तीय व्यवस्था भी शासन द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है। जिला शिक्षा एंव प्रशिक्षण संस्थान के बहुआयामी शैक्षिक कार्यक्रमों के संचालन हेतु 7 विभाग कार्यरत है। इन विभागों में पृथक पृथक जनशक्ति एंव प्रभारी का

कार्य भी आवंटित है अपना कार्य संचालन उत्तरदायित्व पूर्ण ढंग से कर रहे है। विभाग एवं शैक्षिक गुणवत्ता सम्बन्धी कार्यक्रम निम्नवत है–

1– सेवा पूर्व विभाग–

सेवा पूर्व विभाग के अन्तर्गत सुयोग्य प्राथमिक शिक्षक तैयार करने हेतु बी0टी0सी0 (द्वि वार्षिक) संस्थागत प्रशिक्षण की व्यवस्था तकनीकी की गयी है। एक प्रवक्ता तथा 8 प्रवक्ता प्रयोगशाला सहायक एवं तकनीकी सहायक कार्यानुभव शिक्षक के मार्ग दर्शन में उक्त प्रशिक्षण संचालित है।

2– कार्यानुभव विभाग:–

शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन में मात्र पुस्तकीय ज्ञान अधूरा रह जाता है। अतः राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 की संस्तुतियों के अनुसार समाजोपयोगी उत्पादनकार्य , हस्त शिल्प का महत्व को विशेष स्थान दिया गया है। एक प्रवक्ता एवं कार्यानुभव शिक्षक के निर्देशन में विभाग संचालित होगा।

3 जिला संसाधन इकाई:–

यह विभाग शिक्षा में सार्वभौमिकरण में कार्यरत अनौपचारिक/ वैकल्पिक शिक्षा के क्रियान्वयन में शैक्षिक प्रगति हेतु मार्ग दर्शन देना है। प्रशिक्षण व्यवस्था, कार्यशालाओं का आयोजन प्रमुख कार्य है।
उप प्रचार्य एवं चार प्रवक्ताओं के कुशल निर्देशन में कार्य संचालित होते है।

4 सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण विभाग:–

शिक्षा जगत में हो रहे नये शोध, नवाचार दक्षताओं एवं कौशलों के प्रयोग से शिक्षकों को अवगत कराने हेतु, शिक्षा में गुणवत्ता सुधार, स्तरोन्नयन के लिए सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण विभाग अति महत्वपूर्ण है। इस विभाग में एक वरिष्ठ प्रवक्ता, एक प्रवक्ता व लिपिक कार्यरत है।

5 पाठ्यक्रम तथा मूल्यांकन विभाग:–

देशकाल, और परिस्थिति के अनुसार समय समयपर पाठयक्रम से परिवर्तन एवं संशोधन होते रहते है। पाठयक्रम एवं शैक्षिक क्रियाकलापों के सतत मूल्यांकन द्वारा कार्यक्रमों में प्रवर्तन इस विभाग के कार्य है।

6 शैक्षिक तकनीकी विभाग:–

शैक्षिक तकनीकी प्रभावी अधिगम के लिए विधाओं / विधियों, प्रविधियों के विकास पर बल देती है। शैक्षिक तकनीके में शिक्षा और प्रशिक्षण मे वैज्ञानिक ज्ञान का अनुप्रयोग किया जाता है। उनके विश्लेषण निराकरण के लिए शोध एंव सुधार से इसका सम्बन्ध है।

7— नियोजनल एंव प्रबन्धन विभागः—

प्राथमिक शिक्षा में गुणात्मक सुधार एवं शिक्षा के सर्वव्यापीकरण के लिए उक्त विभाग का अन्तिम महत्वपूर्ण योगदान है। विद्यालयों में ह्रास—अवरोध की समस्या को हल करने और धारण क्षमता में वृद्धि करने और योजना क्रियान्वित करने, सुनियोजित ढंग से सुव्यवस्था के अन्तर्गत समय समय पर दीक्षा सर्वेक्षण और मूल्यांकन करना है।

अन्त में जिला शिक्षा एंव प्रशिक्षण संस्थान में कार्यरत सातों विभागों की समीक्षा करते है तो यह भाव होता है कि संस्थान के प्रत्येक विभाग का प्रत्येक क्रिया कलाप गुणवत्ता सर्वधन में सबल सहायक है। स्थानीय परिवेश से प्राप्त एवं तैयार की गई सहायक सामग्री छात्रों को अधिक सक्षम बनाती है। न्यूनतम अधिगम स्तर की सम्प्राप्ति बाल केन्द्रित शिक्षा विद्यालयों का अनुश्रवण तथा शैक्षिक सपोर्ट द्वारा शिक्षक शिक्षार्थी शिक्षण कार्य में रूचि लेने लगे हैं। नवाचारों दक्षताओं से परिचित हो रहे है।

अध्याय – 7

शिक्षा गारन्टी योजना/ वैकल्पिक शिक्षा/ नवाचार शिक्षा योजना

जनपद मुरादाबाद में डी0पी0ई0पी0/ सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 200 ई0 जी0एस0 14 प्राथमिक, 100 उच्च प्राथमिक 13 आवासीय तथा 94 गैर आवासीय ब्रिज कोर्स का लक्ष्य है। हाउस होल्ड सर्वे के अनुसार लगभग 129576 बच्चे स्कूल से बाहर चिन्हित हुये है।इनके शिक्षा गारन्टी/ वैकल्पिक शिक्षा तथा / नवाचार शिक्षा व्यवस्थायें है। इन व्यवस्थाओं के माध्यम से स्कूल के बाहर बच्चे इन दोनों में शिक्षा ग्रहण करेंगे अलग अलग मण्डलों में आयु तथा शैक्षिक स्तर के आधारपर इनका नामांकन लिया जा सकेगा। घरेलू काम में लगभग 60920 बच्चे हाउस होल्ड सर्वे में पाये गये इन बच्चों के लिए ब्रिज कोर्स की व्यवस्थायें है। तथा प्राथमिक केन्द्र है जिससे बच्चा स्कूल के समय से बाहर भी पढाई कर सकते है। घरेलू देखभाल में लगभग 14605 बच्चे चिन्हित हुये है। इन बच्चों के लिए 200 ई0जी0एस0 तथा 14 प्राथमिक केन्द्र है। 314 केन्द्रों के माध्यम से लगभग 12874 बच्चे केन्द्रों से नामांकित होकर शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। 94 ब्रिज कोर्स प्रत्येक न्याय पंचायत में संचालित किये जायेगे। जिसमें लगभग इस वर्ष 12874 बच्चे ब्रिज कोर्स के माहौल मे रहकर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। 13 आवासीय ब्रिज कोर्स खास कर उन बालिकाओं के लिए है जो घरेलू काम काज के कारण विद्यालय नही पहुँच पाती है। अतः लगभग 1000 बालिकायें ब्रिज कोर्स के माध्यम से पढाई कर सकेगी।

इस वर्ष का लक्ष्य इस वित्तीय वर्ष में वैकल्पिक शिक्षा के माध्यम से लगभग 24048 बच्चे लाभान्वित हो सकेगे।

अनेक वर्ष के लिए कार्ययोजना :

- सेवा पूर्व प्रशिक्षण योजनाओं को प्रभावी करना।

- शिक्षण प्रशिक्षण योजनाओं में नवीनता लाना।

3– शिक्षकों की विभिन्न प्रशिक्षण योजनाओं तथा ब्लाक समन्वयक/एन0 पी0 आर0 सी0 समन्वयकों का प्रशिक्षण। ग्राम शिक्षा समिति, न्याय पंचायत समन्वयक, ई0 सी0 सी0 ई0। डी0 आर0 जी0 के अन्तर्गत प्रशिक्षित करना।

4– अकादमिक संसाधन समूह का प्रबन्ध करना।

5– शोध कार्य की प्राथमिक शिक्षा के लिये प्रबन्धन करना तथा प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना।

6– प्राथमिक शिक्षा में शैक्षिक परिवेश में आने वाली विभिन्न कठिनाइयों का निवारण एवं प्रतिक्रियात्मक शोध करना।

डायट मुरादाबाद –

वर्ष 1992 में स्थापित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मुरादाबाद 2 अप्रैल 1997 तक मुरादाबाद जनपद के अन्तर्गत कार्यशील रहा। 21 अप्रैल 1997 में मुरादाबाद जनपद का एक नया जिला ज्योतिबाफूले नगर गठित होने से डायट ज्योतिबाफूले नगर की सीमाओं में आ गया इस प्रकार मुरादाबाद जनपद के 13 विकास खण्ड एवं ज्योतिबाफूले नगर के 6 विकास खण्डो के प्राथमिक शिक्षा से जुडे हुए गुणवत्ता सुधार के विभिन्न बिन्दुओं का अध्ययन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा किया जा रहा है।

डी0 पी0 ई0 पी0 आच्छादित ब्लाकों का शैक्षिक परिदृश्य –

जनपद की कुल साक्षरता 31.03 प्रतिशत है जिनमें कुछ ब्लाक जैसे मंगेश्वरी, कुन्दरकी, मूढापाण्डे और बनियाखेडा में एकाग्रचित प्रयासो की आवश्यकता

है। सभी ब्लाको को एक साथ लेने पर साक्षरता का दर मात्र 24.39 प्रतिशत जिसमे महिला साक्षरता की दर 9.71 प्रतिशत हैं जबकि शहरी क्षेत्रो में उनकी साक्षरता दर 39.76 प्रतिशत हैं। कुछ विकास खण्ड जैसी कुन्दरकी व पवांसा में महिला साक्षरता 5 प्रतिशत से भी नीचे है। केवल ठाकुरद्वारा ब्लाक ही 20 प्रतिशत के चिहन को पार कर पाया है वहीं महिला साक्षरता की दर 20.25 प्रतिशत है। इन परिस्थितियों में शैक्षिक सुधार के उद्देश्यो की पूर्ति करना कठिन हो जाता है। आकडो के अनुसार पूर्ण साक्षरता तभी सम्भव है जब सभी महिलाये साक्षर हो।

विकास खण्डो की साक्षरता दर –

विकास खण्ड का नाम	पुरुष साक्षरता	महिला साक्षरता	कुल साक्षरता दर
ठाकुरद्वारा	54.16	20.25	38.56
छजलैट	49.00	16.02	33.93
डिलारी	38.66	12.32	26.66
असमोली	34.64	8.74	22.94
सम्भल	33.56	8.63	22.37
मुरादाबाद	9.75	9.70	21.77
बिलारी	32.19	6.50	20.84
बहजोई	31.18	6.54	20.72
भगतपुर टाण्डा	31.38	7.42	20.52
बनियाखेडा	28.60	6.05	16.62
कुन्दरकी	27.27	4.09	17.15
गूण्डापाण्डे	25.42	5.04	16.57
पंवासा	24.34	4.6	15.56

प्राइमरी विद्यालयों में अध्यापकों की संख्या (विकास खण्डों में)

विकास खण्ड का नाम	प्रथम चरण में प्रशिक्षित प्रथम	द्वितीय चरण में प्रशिक्षित द्वितीय
सम्भल	305	409
पंवासा	259	285
असमोली	268	303
बनियाखेड़ा	271	360
बहजोई	189	176
बिलारी	248	272
कुन्दरकी	352	310
छजलैट	817	387
मुरादाबाद	433	583
भगतपुर टाण्डा	225	259
डिलारी	335	359
मुण्डापाण्डे	219	232
ठाकुरद्वारा	414	421
मुरादाबाद नगर	220	235
सम्भल नगर	118	133
चन्दौसी नगर	72	82

प्राइमरी विद्यालयों में भौतिक सुविधाय –

प्रत्येक विद्यालय में विद्यार्थियों के अध्ययन के लिये विद्यालयों में सुविधाये होनी चाहिये। मुरादाबाद जनपद में कुल 1712 प्राथमिक विद्यालय है जिनमें अधिकतर मूलभूत सुविधाओ के अभाव में चल रहे है अधिकतर प्राथमिक विद्यालयो में एक या दो कमरे है कुछ विद्यालयो में पीने का पानी, शौचालय, बिजली, खेल के मैदान तथा विद्यालय की इमारत आदि की मूलभूत सुविधाये भी नही है।

जनपद मुरादाबाद में शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान कांठ मुरादाबाद में स्थित है जो जनपद जे0 पी0 नगर को भी संचालित करता है जनपद में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु वर्ष 1997 से जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम डी0 पी0 ई0 पी0 संचालित किया गया जिसके अन्तर्गत कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से बी0 आर0 सी0/एन0 पी0 आर0 सी0/डी0 ई0 सी0 का गठन किया गया तथा इनके द्वारा ब्लाक तथा न्याय पंचायत स्तर पर प्राथमिक विद्यालय के अनुश्रवण तथा शैक्षिक सपोर्ट का दायित्व सौंपा गया। समय समय पर डायट स्तर पर मासिक बैठके तथा कार्यशाला आयोजित कर शिक्षा की गुणवत्ता संवर्धन में अध्यापकों के साथ आने वाली कठिनाइयों पर विचार विमर्श तथा उनके निवारण के उपायों पर विस्तृत की जाती रही है।

वर्ष 1997 में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डी0 पी0 ई0 पी0) शिक्षक सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण प्रथम चरण के प्रशिक्षण हेतु टी0 ओ0 टी0 के चयन हेतु डी0 आर0 जी0 के प्रशिक्षण आयोजित किये गये तथा उसमें प्रथम चरण के प्रशिक्षको की पहचान कर टी0 ओ0 टी0 के प्रशिक्षण हेतु 25 प्रशिक्षिको को डायट ललितपुर भेजा गया तथा उसके उपरान्त डायट स्तर पर जनपद के समस्त

अध्यापक अध्यापिकाओं को चयनित प्रशिक्षकों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

उक्त प्रशिक्षण का मुख्य लक्ष्य था शिक्षकों की सोच में परिवर्तन कर शिक्षक और समाज के बीच बढ़ती दूरी को कम करना। शिक्षकों की झिझक को दूर करना। शिक्षक समाज व बच्चों के बीच सहभागिता की वृद्धि के लिए समान सोच विकसित करना।

उच्च प्राथमिक विद्यालयों को उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं किया जा सका इस कारण उच्च प्राथमिक विद्यालयों को इसका समुचित लाभ नहीं मिल पाया।

1— जनपद में प्राथमिक विद्यालयों की कुल संख्या 1712
2— जनपद मुरादाबाद में ई0 सी0 ई0 केन्द्रों की संख्या 74
3— ब्लाक संसाधन केन्द्रों की संख्या 13
4— न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रों की संख्या 94/95
5— ग्राम शिक्षा समिति की संख्या 960

जिला प्राथमिक शिक्षा के अन्तर्गत चलने वाले प्रथम चक्र अभिप्रेरण प्रशिक्षण को डायट स्तर पर 131 फेरों में संचालित किया गया जिससे जनपद मुरादाबाद व जे0 पी0 नगर के कुल 6142 अध्यापक/अध्यापिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

ई0 सी0 सी0 ई0 (आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण)

वाहय सहायतित परियोजना की सहायता से संचालित जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डी0 पी0 ई0 पी0) के द्वारा अर्ली चाइल्ड केयर एण्ड एजूकेशन (ई0 सी0 सी0 ई0) केन्द्रो को बाल विकास परियोजना के अन्तर्गत संचालित आंगनवाडी केन्द्रो के माध्यम से चलाया जा रहा है। इस योजना का मूल उद्देश्य है है कि अपने घर पर छोटे भाई-बहिनो की देखभाल करने के कारण स्कूल शिक्षण से वंचित रहने वाली बालिकाओं को स्कूल शिक्षा प्रदान की जाये। ऐसी बालिकाये समीपवर्ती स्कूलो में दाखिला ले तथा उनके छोटे भाई-बहिनो की देखरेख स्थापित किये जाने वाले ई0 सी0 सी0 ई0 केन्द्र में प्रवेश दिया जायेगा और उनकी केन्द्र सहायिका ई0 सी0 सी0 ई0 केन्द्र में सहायिका का कार्य करेगी।

ई0 सी0 सी0 ई0 कार्यकत्रियो को प्रशिक्षित करने हेतु डायट और बाल विकास परियोजना के कुछ सदस्यों को प्रारम्भिक शिक्षा विभाग, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, इलाहाबाद मास्टर ट्रेनर्स के रूप में प्रशिक्षित किये गये।

जनपद मुरादाबाद के असमोली व बिलारी विकास खण्ड में ई0 सी0 सी0 ई0 की योजना प्रारम्भ की गयी डायट ने मास्टर टेनर्स की सहायता से आंगनवाडी कार्यकत्री ब्लाक संसाधन हेतु समन्वयक, न्याय पंचायत प्रभारी आदि के प्रथम चरण में कार्यकत्रियो, सम्बन्धित विकास खण्डो के सी0 डी0 पी0 ओ0 केन्द्रो के सुपरवाइजर अक्टूबर व नवम्बर माह 1998 से दो फेरो में सम्पन्न किया गया, जिनमे प्रतिभागियों की संख्या 45 थी।

प्रथम चरण में खोले गये ई0 सी0 सी0 ई0 केन्द्रो के सफल संचालन हेतु विषय आधारित एक वार्षिक एक्टीविटीस कैलेन्डर विकसित किया गया है जिसके प्रयोग करने हेतु आगंनवाडी कार्यकत्रियो को मास्टर ट्रेनर की सहायता से तीन दिवसीय प्रशिक्षण मार्च 2000 में सम्पन्न किया गया।

द्वितीय चरण में मुरादाबाद, कुन्दरकी और बिलारी विकास खण्डो में नये ई0 सी0 सी0 ई0 केन्द्र खोले गये हैं। डायट के द्वारा इन केन्द्रो का प्रशिक्षण दो फेरो में पूर्ण होगा प्रथम फेरे में 8 मार्च से 14 मार्च 2000 तक 33 प्रतिभागियों को सात दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इसमें मुरादाबाद विकास खण्ड की 5 बालशाला कार्यकत्रीओ ने प्रतिभाग किया द्वितीय फेरा अप्रैल 2000 मे प्रस्तावित है।

इस प्रशिक्षण में आंगनवाडी कार्यकत्रियो को बताया गया 3 से 6 वर्ष के बच्चो का शारीरिक, मानसिक तथा भाषायी कौशलों का विकास किस प्रकार किया जाता है जिससे आगे मिलने वाली शिक्षा को सरलता से ग्रहण कर सके इसके अन्तर्गत खेल, कहानी, गीत, वार्तालाप, कठपुतली, खेल, गुडिया का खेल, निरीक्षण, प्रयोग अभिनय, खेल क्रियायें आदि पर अधिक बल दिया गया।

डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता/प्रवक्ताओं के द्वारा अनुश्रवण किया गया उनके द्वारा ई0 सी0 सी0 ई0 की कार्यकत्रियो को निम्न सुझाव दिये गये--

1-- किसी बच्चे विशेष को अपना प्रिय न बनाये।

2 बच्चो की आपस में तुलना न करें।

3 बच्चों से बडे व्यक्तियो जैसे व्यवहार की आशा न करें।

4-- बच्चों को समझाने के लिए लम्बा चौडा भाषण न दें।

जनपद मुरादाबाद में स्कूल पूर्व शिक्षा के प्रचार व प्रसार के लिए शिशु शिक्षा केन्द्रो का सञ्चालन किया गया बाल विकास विभाग उ0 प्र0 द्वारा संचालित केन्द्रो में से 75 केन्द्रो का चयन कर उन्हे शिशु केन्द्र के रूप में विकसित किया गया। इन केन्द्रो के सञ्चालन हेतु ब्लाक स्तर पर आंगनवाडी कार्यकत्रियो व सह कार्यकत्रियो को 7 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया इनके साथ–साथ उक्त केन्द्रो के पर्यवेक्षण से सम्बन्धित बी0 आर0 सी0/एन0 पी0 आर0 सी0 को भी प्रशिक्षित किया गया।

शिशु शिक्षा केन्द्र से बच्चो की विद्यालय मे नामांकन स्थिति पर अच्छा प्रभाव पड़ा तथा बालिकाओं के नामांकन की औसत दर में भी वृद्धि हुई।

ग्राम शिक्षा समिति की प्रशिक्षण व्यवस्था तथा दायित्व —

जनपद मुरादाबाद में वर्ष 1997–98 में 932 ग्राम शिक्षा समितियों का गठन किया गया तथा डायट स्तर से चयनित एव प्रशिक्षित बी0 आर0 जी0 के प्रशिक्षको द्वारा समस्त ग्राम शिक्षा समितियों के सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया। इस समिति मे अनुसूचित जातियों तथा महिलाओ तथा स्वय सेवी संगठन के सदस्यों को भी प्रतिनिधित्व दिया गया इस समिति का अध्यक्ष ग्राम प्रधान तथा सदस्य सचिव परिषदीय विद्यालय का प्रधानाध्यापक होता है इसके अतिरिक्त समिति में विकलांग बच्चो के अभिभावकों को भी सम्मिलित करने के निर्देश है इस समिति का विशेष कार्य विद्यालय भवन की मरम्मत, अनुरक्षण विद्यालय की अन्य सुविधाओं जैसे भवन आदि का निर्माण आदि का उत्तरदायित्व ग्राम शिक्षा समिति का है।

ब्लाक सम्पर्क समूह प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों की सूची

दिनांक	ब्लाक	प्राइमरी विद्यालय अध्यापक		नेहरू युवा केन्द्र		राज्य सेवी		अनुदेशक		ग्राम प्रधान		योग
		पुरुष	महिला	पुरुष	महिला	पुरुष	महिला	पुरुष	महिला	पुरुष	महिला	
26/12/97 से 29/12/97	सम्भल	–	–	11	–	–	–	–	–	–	–	11
30/12/97 से 2/1/[illegible] तक	सम्भल	4	2	–	–	–	–	–	–	–	–	6
3/1/98 से 6/1/98 तक	सम्भल	11	–	–	–	–	–	–	–	–	–	11
30/12/97 से 2/12/98	कुन्दरकी	6	1	2	–	–	–	–	–	–	–	9
3/1/98 से 6/1/98	कुन्दरकी	3		3	–	–	–	–	–	–	–	6
30/12/97 से 2/1/98	14	2	7	1	–	–	–	–	–	–	–	24
3/1/98 से 6/1/98	16	1	10	–	–	–	–	–	–	–	–	27
3/1/98 से 6/1/98	6	2	10	–	–	–	–	–	–	–	–	18
6/2/98 से 9/2/98	14	2	3	–	–	–	–	–	–	–	01	20
15/2/98 से 18/2/98	9	2	–	–	–	–	–	–	06	07	–	[illegible]

[illegible]/12/98 से [illegible]/12/98	[illegible]	[illegible]	[illegible]									22
[illegible]/12/98 से 2/12/98	मूढ़ापाण्डे	16	6			01					पत्रकार-- 1	24
[illegible]/12/98 से	भगतपुर टाण्डा	10	4									20
3/12/98 से [illegible]/12/98	[illegible]	4				17	3					24
[illegible]/12/98 से 6/12/98	बनियाखेड़ा	13	3			02	01					25
3/12/98 से 6/12/98	ठाकुरद्वारा	07	जी0 हा0			05	03					26
[illegible]/12/98 से 10/12/98	बिलारी	11	01			09						21
											कुल योग	428

इन समितियों को अधिक कियाशील बनाने शैक्षिक विकास हेतु इनके प्रशिक्षण में स्कूल का मानचित्र, तथा माइक्रोप्लानिंग अभ्यास भी कराये गये।

शिक्षकों को शैक्षिक सपोर्ट एवं सहयोग की व्यवस्था –

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मुरादाबाद के नेतृत्व में जनपद जे0 पी0 नगर तथा मुरादाबाद के समस्त परिषदीय विद्यालयों के अध्यापक/अध्यापिकाओं को उनकी शिक्षण क्षमता व प्रतिभा विकसित करने व विषय वस्तु ज्ञान में अभिवृद्धि करने व शिक्षण कौशल में बदलाव लाने के उद्देश्य से न्याय पंचायत स्तर पर एन0 पी0 आर0 सी0 ब्लाक स्तर पर सा0 बे0 शि0 अ0, बी0 आर0 सी0 तथा जनपद स्तर पर जिला बे0 शि0 अ0, जिला परियोजना अधिकारी तथा डायट प्राचार्य, वरिष्ठ प्रवक्ता/प्रवक्ता द्वारा समय समय पर विद्यालयों का अनुश्रवण/मूल्यांकन तथा शैक्षिक सपोर्ट का कार्य किया जाता है। डायट तथा ब्लाक स्तर पर जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत सेवारत शिक्षकों के लिए प्रतिवर्ष विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण आयोजित किये जाने की व्यवस्था है। शिक्षकों को शैक्षिक सपोर्ट के लिए मुख्य रूप से जिला स्तर पर डायट ब्लाक स्तर पर ब्लाक समन्वयकों तथा न्याय पंचायत स्तर पर न्याय पंचायत समन्वयकों की आवश्यकता है। शैक्षिक सपोर्ट देने के लिए डायट संकाय के सदस्यों निरीक्षण वर्ग, डी0 आर0 जी0, एन0 पी0 आर0 सी0 को तीन दिवसीय शैक्षिक सपोर्ट एवं अनुश्रवण कार्यशालाओं का आयोजन डायट स्तर पर किया गया। जिसे सात फेरे में पूर्ण किया गया। इस प्रशिक्षण में

	मुरादाबाद	जे0 पी0 नगर
1-- सा0 बे0 शि0 अ0 की संख्या	13	6
2-- बी0 आर0 सी0 सी0 की संख्या	13	6
3-- एन0 पी0 आर0 सी0 सी0 की संख्या	95	48

शैक्षिक रपोर्ट एवं अनुश्रवण कार्यशालाओं के उपरान्त बी0 आर0 सी0, एन0 पी0 आर0 सी0 के माध्यम से परिषदीय प्राथमिक विद्यालय की श्रेणीबद्ध सूची तैयार की गयी। जिसमें जनपद मुरादाबाद/जे0 पी0 नगर के परिषदीय प्रा0 वि0 की श्रेणीबद्ध सूची निम्नवत है।

जनपद–मुरादाबाद – प्राथमिक विद्यालयों की श्रेणीकरण की स्थिति

क्र0	विकास खण्ड का नाम	विद्यालयों की संख्या	क	ख	ग	घ		अन्य विवरण
1–	मुरादाबाद नगर क्षेत्र सहित	171	27	57	45	42	–	जिला बेसिक शिक्षा अधि0 मुरा0 व ब्लाक समन्वयक के अनुसार
2–	सम्भल नगर क्षेत्र सहित	134	13	68	38	15	–	
3–	मुढापाण्डे	102	14	30	43	20	–	
4	पनवासा	138	20	95	21	02	–	
5 –	बनियाखेड़ा चन्दौसी न0 क्षे0 सहित	131	29	68	33	01	–	
6–	डिलारी	127	10	43	41	29	–	
7–	असमोली	123	14	35	29	45	–	
8–	बिलारी	132	16	75	29	12	–	
9–	कुन्दरकी	130	17	65	48	–	–	
10	बहजोई	104	01	62	10	11	–	
11	ठाकुरद्वारा	117	33	48	27	08	–	
12	भगतपुर टाण्डा	104	07	49	34	04	–	
13	छजलैट	134	32	74	14	01	–	

उपरोक्त श्रेणीबद्ध व्यवस्था अधिकांशतः भौतिक व शैक्षिक संसाधनो पर निर्भर करती है। इसके अतिरिक्त डी श्रेणी के विद्यालयों को सी श्रेणी, सी श्रेणी के विद्यालय को बी श्रेणी में, बी श्रेणी के विद्यालयों को ए श्रेणी में लाने का प्रयास डायट बी0 आर0 सी0, एन0 पी0 सी0 तथा जनपद के विभिन्न स्तरीय अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है।

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत सेवारत अध्यापकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था व क्रियान्वयन –

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत परिषदीय प्राथमिक वि0 के शिक्षकों को 5 चक्रों में प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था है। गत 3 वर्षों में 3 चक्रों में प्रशिक्षण का लक्ष्य पूर्ण किया गया है।

प्रथम चक्र –

(अभिप्रेरण प्रशिक्षण) शिक्षकोदय माड्यूल्स पर आधारित 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ष 1997–98 में दोनो जनपदों के अध्यापक/अध्यापिकाओं को प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण 131 फेरो में डायट स्तर तथा वैकल्पिक प्रशिक्षण केन्द्रो पर संचालित कर पूर्ण किया गया। इसमें जनपद मुरादाबाद/जे0 पी0 नगर के वि0 खण्डो के कार्यरत अध्यापक/अध्यापिकाओं का प्रशिक्षण सम्पन्न किया गया जिसकी सूची निम्नवत है –

क्रमांक	वि0 ख0 का नाम	प्रशि0 अ0 की संख्या
1–	मुरादाबाद	403 + 200 (नगर क्षेत्र)
2–	छजलैट	387

3—	कुन्दरकी	352
4—	मूढ़ापाण्डे	219
5—	बिलारी	248
6—	डिलारी	335
7—	ठाकुरद्वारा	414
8—	असमोली	268
9—	सम्भल	305 — 118 (नगर क्षेत्र)
10—	पवांसा	259
11—	बहजोई	189
12—	बनियाखेड़ा	271 — 72 (नगर क्षेत्र)
13—	भगतपुर टांडा	225

मैटीरियल मेला रिपोर्ट

विषयगत सहायक सामग्री के प्रचार व प्रसार के लिए समस्त ब्लाक के सहायक अध्यापक/अध्यापिकाओं को प्रेरित कर प्रथम न्याय पंचायत स्तर पर मेला आयोजित किया गया। न्याय पंचायत स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त अध्यापक/अध्यापिकाओं को अपनी शिक्षण सहायक सामग्री के साथ ब्लाक स्तर पर आमंत्रित किया गया। ब्लाक स्तर पर बी0 आर0 सी0/ए0 बी0 ए0/एस0 डी0 आई0 द्वारा मूल्यांकन कर उसमें जिन प्रतिभागियों ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया उन्हें जनपद स्तर पर मैटीरियल मेले में आमंत्रित किया गया।

जनपद स्तर का मैटीरियल मेला दिनांक 28 अगस्त 1999 को आयोजित किया गया। मेले में दोनो ज़नपद जे0 पी0 नगर तथा मुरादाबाद के 209 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसका विवरण निम्नवत है –

जनपद – मुरादाबाद

1–	मुरादाबाद	10
2–	कुन्दरकी	08
3–	सम्भल	09
4–	बनियाखेड़ा	11
5–	बिलारी	12
6–	डिलारी	15
7–	ठाकुरद्वारा	14
8–	भगतपुर टाण्डा	09
9–	मुण्डापाण्डे	12
10–	असमोली	15
11–	नहजोई	11
12–	पवांसा	03
	योग	129 तथा 80 = 209

द्वितीय चक्र –

सेवारत अध्यापकों के प्रशिक्षण का द्वितीय चक्र जिसे (सबल) सत्र योजनायें तथा सबल गतिविधि बैंक माड्यूल पर आधारित था। जिसमें भाषा, गणित तथा

पर्यावरण का ज्ञान गतिविधियो के द्वारा कराया गया। यह आठ दिवसीय प्रशिक्षण गैर आवासीय था। इस प्रशिक्षण में विषय वस्तु आधारित कक्षा शिक्षण तथा दक्षता आधारित प्रशिक्षण पर बल दिया गया। सहायक सामग्री निर्माण व उसका कक्षा में प्रयोग एवं गतिविधियों के माध्यम से कराया शिक्षण को सरल व रोचक बनाया तथा अध्यापको की विषय के प्रति समझ विकसित करना, अध्यापको में सृजन शीलता, चिन्तन व तर्क शक्ति का विकास करना मुख्य उद्देश्य था।

यह प्रशिक्षण जनपद मुरादाबाद के 13 वैकल्पिक केन्द्रो पर तथा जनपद जे0 पी0 नगर के 6 वैकल्पिक केन्द्रो पर आयोजित किया गया। ब्लाक स्तर पर प्रशिक्षण की सम्पूर्ण व्यवस्था का दायित्व ब्लाक समन्वयक को सौंपा गया।

इस प्रशिक्षण में निम्नांकित अध्यापक/अध्यापिकाओं ने प्रतिभाग किया —

क्र0 सं0	वि0 ख0 का नाम	प्रशि0 अ0 की संख्या
1-	मुरादाबाद	583
2-	कुन्दरकी	310
3-	बिलारी	272
4-	बनियाखेड़ा	356
5-	बहजोई	176
6-	पंवासा	265
7	सम्भल	392
8-	असमोली	302
9-	ठाकुरद्वारा	352
10-	डिलारी	326
11-	भगतपुर टांडा	254

12–	मूढापाण्डे	232
13–	छजलैट	381

तृतीय चक्र –

शिक्षक सेवारत प्रशिक्षण जिसे समान पाठ्यक्रम के नाम से जानते है। यह प्रशिक्षण माह मई 2001 में ब्लाक स्तर पर ब्लाक समन्वयकों द्वारा डायट की देखरेख में सचालित किया गया। इसमें जनपद मुरादाबाद के 13 वैकल्पिक केन्द्र व जनपद जे0 पी0 नगर के 6 वैकल्पिक केन्द्रो का चयन कर प्रशिक्षण सम्पन्न कराया गया। इसमें नव नियुक्त कार्यरत शिक्षा मित्रो का आठ दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण होना शेष है। जिसको वर्तमान माह अक्टूबर 2001 में पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।

इस प्रशिक्षण में वास्तविक कक्षा शिक्षण पर विशेष रूप से बल दिया गया। जिसके द्वारा शिक्षको को अपनी शैक्षिक कमियों को समझने में तथा उनहें कैसे दूर किया जाने की जानकारी तृतीय चक्र के प्रशिक्षण से दी गयी। टी0 एल0 एम0 निर्माण तथा पाठ्य वस्तु के अनुसार उसका कक्षा में प्रयोग कैसे किया जाने पर भी इस प्रशिक्षण में मुख्य रूप से बल दिया गया। तृतीय चक्र प्रशिक्षण में प्रशिक्षित अध्यापक / अध्यापिकाओं का विवरण निम्नवत है –

जनपद – मुरादाबाद –

क्र0 सं0	वि0 ख0 का नाम	प्रशि0 अ0 की संख्या
1–	मुरादाबाद	592
2–	कुन्दरकी	312

3	बिलारी	176
4	मनिगावेड़ा	322
5–	गहजोई	165
6–	पंवासा	231
7–	सम्भल	358
8–	असमोली	274
9–	ठाकुरद्वारा	380
10–	डिलारी	329
11–	भगतपुर टांडा	229
12–	मूढ़ापाण्डे	220
13–	छजलैट	332

प्रशिक्षण का कक्षा में प्रभाव –

प्रशिक्षकों, शिक्षकों से वार्ता करने–पर संज्ञान में आया कि शिक्षकों में जागरूकता नहीं है। सहायक सामग्री का प्रयोग अपेक्षाकृत अधिक हो रहा है। छात्रों की कक्षा शिक्षण में सहभागिता नहीं है। एकल तथा दो अध्यापकों वाले विद्यालयों में कक्षा 1 से 5 तक की शिक्षण व्यवस्था कैसे की जाये। इस सम्बन्ध में अध्यापकों की समझ विकसित हुयी है।

द्वितीय चरण के प्रशिक्षण के उपरान्त डायट स्तर पर वरिष्ठ प्रवक्ताओं/प्रवक्ताओं तथा बी0 टी0 सी0 के छात्राध्यापक/छात्राध्यापिकाओं मध्यावधि मूल्यांकन, स्टडी, सर्वेक्षण कराया गया जिसके अनुसार छात्र/छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धियां निम्नवत रही –

कक्षा–1 भाषा में छात्रों की उपलब्धि प्रारम्भिक मूल्यांकन बालक मध्यमान प्रतिशत 54.1 तथा बालिका मध्यमान प्रतिशत 52.7 रहा। जबकी मध्य सत्रीय मूल्यांकन में बालक मध्यमान 72.42 रहा इसी प्रकार कक्षा–1 गणित में छात्रों की उपलब्धि प्रारम्भिक मूल्यांकन 40.79 तथा बालिकाओं का मध्यमान प्रतिशत 38.36 रहा जबकि मध्य सत्रीय मूल्यांकन में बालको औसत मध्यमान प्रतिशत 85.9 तथा बालिकाओं का 88.13 रहा इसी प्रकार 4 भाषा मे छात्रों की उपलब्धि तथा गणित में बालक बालिकाओं की उपलब्धि स्तर तालिका अग्रलिखित है।

कक्षा भाषा में छात्रों की उपलब्धि प्रारम्भिक मूल्यांकन बालक मध्यमान प्रतिशत 42.45 तथा बालिका मध्यमान प्रतिशत 42.88 जबकि मध्य सत्रीय मूल्यांकन में बालको का मध्यमान प्रतिशत 61.07 तथा बालिकाओं का 68.53 रहा इसी प्रकार गणित विषय मे छात्रों का प्रारम्भिक उपलब्धि स्तर 33.9 तथा बालिकाओं का 34.1 जबकि मध्यसत्रीय मूल्यांकन में मध्यमान प्रतिशत 51.48 और बालिकाओं का 53.16 रहा इन आकडो से स्पष्ट होता है कि द्वितीय चक्र प्रशिक्षण के बाद बालको के शैक्षिक स्तर में वृद्धि हुई है।

प्रारम्भिक मूल्यांकन तथा मध्यावधि स्टडी के अनुसार छात्रों की उपलब्धि–

कक्षा – 1 भाषा में छात्रों की उपलब्धि –

परीक्षण	बालक मध्यमान प्रतिशत	बालिका मध्यमान प्रतिशत
प्रारंभिक मूल्यांकन	54.1	52.7
मध्य सत्रीय मूल्यांकन	74.4	72.42

स्रोत – प्रतिभागीय आंकडे

कक्षा – 1 गणित में छात्रों की उपलब्धि

परीक्षण	बालक मध्यमान प्रतिशत	बालिका मध्यमान प्रतिशत
प्रारंभिक मूल्यांकन	40.79	38.36
मध्य सत्रीय मूल्यांकन	85.9	88.13

स्रोत – विभागीय आंकड़े

कक्षा–4 भाषा में छात्रों की उपलब्धि –

परीक्षण	बालक मध्यमान प्रतिशत	बालिका मध्यमान प्रतिशत
प्रारंभिक मूल्यांकन	42.45	42.88
मध्य सत्रीय मूल्यांकन	61.07	63.53

स्रोत– विभागीय आंकड़े

कक्षा–4 गणित में छात्रों की उपलब्धि

परीक्षण	बालक मध्यमान प्रतिशत	बालिका मध्यमान प्रतिशत
प्रारंभिक मूल्यांकन	33.9	34.1
मध्य सत्रीय मूल्यांकन	51.48	53.16

स्रोत – विभागीय आंकड़े

उक्त तालिकाओं से स्पष्ट होता है कि कक्षा–1 तथा कक्षा–4 में भाषा और गणित दोनों में बच्चों का बौद्धिक स्तर बढ़ा है। जो बच्चे निम्नतम अधिगम प्राप्त नहीं कर सकते हैं उनके लिए विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है।

प्रशिक्षण संचालन व्यवस्था और अनुश्रवण –

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद/जे0 पी0 नगर में ब्लाक संसाधन केन्द्रों तथा न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रों की स्थापना की गई ब्लाक संसाधन केन्द्र पर ब्लाक समन्वयक तथा सह ब्लाक समन्वयक और न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र पर न्याय पंचायत समन्वयक की नियुक्ति की गई तथा डायट स्तर पर ब्लाक समन्वयक के कार्य तथा दायित्वों की जानकारी देने के लिए 5 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया जो समर्थन माड्यूल्स पर आधारित था। अनुश्रवण तथा प्राथमिक शिक्षकों को शैक्षिक सपोर्ट प्रदान करने के लिए 3 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया समन्वय के द्वारा नियमित विद्यालय भ्रमण तथा शैक्षिक सपोर्ट के रूप में आदर्श पाठों का प्रस्तुत करना भौतिक तथा शैक्षिक आधार पर विद्यालयों का श्रेणीकरण तथा बी0 आर0 सी0 व एन0 पी0 आर0 सी0 स्तर पर मासिक बैठकों का आयोजन कर अध्यापकों के साथ कक्षा शिक्षण में आने वाली कठिनाइयों का निराकरण किया जाता है।

ब्लाक समन्वयकों द्वारा ब्लाक स्तर पर प्रशिक्षणों का आयोजन वार्षिक कार्य योजना, बजट का निर्माण, शिशु शिक्षा केन्द्र और वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों का अनुश्रवण डायट के मार्ग दर्शन में शिक्षा के गुणवत्ता संवर्धन अध्यापकों का सहयोग तथा वातावरण सृजन में शिक्षकों का मार्गदर्शन इसी प्रकार एन0 पी0 आर0 सी0 द्वारा भी न्याय

पंचायत स्तर पर विद्यालयों का अनुश्रवण मासिक बैठकों का आयोजन कर रिपोर्ट बी0 आर0 सी0 व डायट को भेजना। समाज में कुछ बच्चे ऐसे भी है जो किन्ही कारणों से विद्यालय नही आ पाते, उनमें विशेषकर शारीरिक अक्षमता वाले बच्चो, बाल श्रमिक, खेती हर मजदूर, तथा मलिन बस्तियों में रहने वाले बच्चे मुख्य रूप से होते है ऐसे बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडने के लिए उनका शत प्रतिशत नामांकन तथा ठहराव पर विशेष ध्यान न दिया गया तो सर्व शिक्षा अभियान का लक्ष्य अधूरा रह जायेगा। अतः हमारी पहली प्राथमिकता होगी कि ऐसे सभी बच्चो को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडना। इसके लिये हमारा प्रयास होगा कि उनके माता–पिता अभिभावक से सम्पर्क कर उनसे मासिक रूप से जुडकर उनकी सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाना होगा।

ऐसे बच्चो के सम्बन्ध में यह भी ध्यान रखने की आवश्यकता है कि उनमे किसी भी प्रकार की हीन भावना न पनपने पाये इसके लिए उनमे आत्म विश्वास को जगाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। ऐसे बच्चो को औपचारिक शिक्षा व्यवस्था से जोडना एक कठिन कार्य है अतः ऐसे बच्चो के लिए वैकल्पिक शिक्षा की व्यवस्था है। ऐसे बच्चे प्राथमिक विद्यालयों की निर्धारित समय सारिणी के अनुसार शिक्षा ग्रहण करने मे असमर्थ रहते हैं। ये बच्चे औपचारिक विद्यालयों की कक्षा मे प्रवेश लेने की आयु को प्रायः पार कर जाते है इसलिए इनका प्रवेश कक्षा की बजाय नके शैक्षिक स्तर के अनुरूप कक्षा में करना उपयुक्त होगा।

सर्वप्रथम हमे ऐसे बच्चो को चिन्हित करने के लिए एक सर्वे करना होगा उसके बाद बच्चे की शारीरिक अक्षमता के अनुरूप शिक्षा की व्यवस्था करनी होगी साथ ही साथ जीवनोपयोगी कौशल का विकास इन बच्चों में करने का प्रयास करना होगा उनमे आत्मविश्वास व आत्म निर्भरता की भावना विकसित हो सके।

विद्यालय भ्रमण के समय शिक्षकों से विचार विमर्श के सहयोग से उनकी शिक्षण सम्बन्धी कठिनाइयों के सम्बन्ध में जानकारी करने पर निम्न तथ्य उभर कर आये–

1– प्राथमिक विद्यालयों में छात्र अनुपात की असमानता के कारण एक समय में एक अध्यापक को एक से अधिक कक्षायें पढानी पडती हैं जिसके कारण शिक्षण कार्य सुचारु रूप से करने में कठिनाई होती है।

2 अधिकांश अभिभावकों में शिक्षा के प्रति जागरूकता नहीं है इस कारण वे अपने बच्चों को नियमित विद्यालय न भेजकर घरेलू कार्य में लगा देते है। जिससे बच्चों का शैक्षिक विकास नहीं हो पाता।

3– अधिकांश अध्यापकों को विभिन्न पाठो के लिए सहायक शिक्षण सामग्री बनाने तथा उसके प्रयोग की पर्याप्त जानकारी का अभाव है अतः अधिकांश अध्यापक पाठो के अनुसार सहायक शिक्षण सामग्री बनाने में कठिनाई का अनुभव करते है।

4– गणित, विज्ञान के कुछ कठिन विषय वस्तु के शिक्षण में भी अध्यापकों को कठिनाई का सामना करना पडता है जिसकी जानकारी प्रशिक्षणों के माध्यम से दी जानी आवश्यक है।

5– अभिभावक अपने बच्चो को परिषदीय विद्यालयों में पढाना चाहते हैं किन्तु वे चाहते है कि उन विद्यालयों में शिक्षा की व्यवस्था अच्छी हो। शिक्षक नियमित रूप से शिक्षण कार्य करें तथा विद्यालय में बच्चो को नैतिक शिक्षा प्रदान की जाये

जिससे उनमें अच्छे विकसित हो। साथ ही बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था भी हो।

उक्त बिन्दुओं के आधार पर यह निष्कर्ष सामने आता है कि समाज व समुदाय की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था किये जाने की आवश्यकता है।

किसी भी व्यक्ति के अन्दर निहित प्रतिभाओं व क्षमताओं को विकसित करने का अवसर देना ही प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत शिक्षकों में गुणवत्ता व सुधारात्मक दृष्टिकोण करने के लिए प्रशिक्षणों की अहम भूमिका होगी।

सर्व शिक्षा अभियान गुणवत्ता परक प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण योजना है। जनपद मुरादाबाद व जे0 पी0 नगर के 6–14 वय वर्ग के सभी बालक/बालिकाओं को वर्ष 2010 तक जीवनोपयोगी शिक्षा प्रदान करने का लक्ष्य है। यह लक्ष्य समुदाय की भागीदारी एवं समाज के सहयोग से प्राप्त करना होगा। इसके अन्तर्गत 6–14 वय वर्ग के सभी बच्चों को स्कूल गारन्टी स्कीम व वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र के माध्यम से शिक्षा की ई0 जी0 एस0 मुख्य धारा से जोड़ा जायेगा। इन लक्ष्यों की प्राप्ति में अध्यापक तथा अच्छी शिक्षण प्रणाली की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसके लिए जनपद में एक समिति का गठन किया जायेगा जिसमें मुख्य रूप से जनपद विकास खण्ड, न्याय पंचायत तथा ग्राम स्तर तक समस्त अध्यापकों व अधिकारियों की भागीदारी होगी। इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु इस स्तर पर एक ट्रेनिंग कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा इस कार्यालय में डाइट के सदस्यों जिला परियोजना कार्यालय कर्मियों, विकास खण्ड तथा न्याय

पंचायत स्तरीय अधिकारियों को सम्मलित किया जायेगा। इस कार्यालय का मुख्य उद्देश्य सर्व शिक्षा अभियान के उद्देश्यो तथा लक्ष्यों बच्चों की वर्तमान स्थिति तथा उसमें बदलाव, शिक्षकों, कक्षा कक्षो की वर्तमान स्थिति तथा उसमें बदलाव के संदर्भ में सहभागिता आधारित निष्कर्ष और सहमतियां तय की जायेगी।

कम्प्यूटर उपयोग सम्बन्धी प्रशिक्षण –

वर्तमान युग मे सूचना प्रौद्योगिक के प्रभाव को देखते हुये यह अति आवश्यक हो गया है कि छात्रों को भी कम्प्यूटर सम्बन्धी जानकारी दिया जाना आवश्यक है इसके लिए सबसे पहले डायट के दो प्रवक्ताओं को एक मास का आधारभूत कम्प्यूटर सम्बन्धी प्रशिक्षण कराया जायेगा तथा उसके पश्चात उच्च प्राथमिक विद्यालयों के एक-एक अध्यापक को डायट स्तर पर कम्प्यूटर का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रथम चरण मे यह योजना 13 विकास संसाधन केन्द्रों पर कम्प्यूटर उपलब्ध हो जाने पर निकटतम उच्च प्राथमिक विद्यालयों लागू की जायेगी तथा धीरे धीरे सभी प्राथमिक विद्यालयों के एक-एक अध्यापक को प्रशिक्षित किया जायेगा। यह कार्य एस० सी० ई० आर० टी० के सहयोग से किया जायेगा।

अन्य प्रशिक्षण –

प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक अध्यापक, अध्यापिकाओं के प्रशिक्षण के अतिरिक्त अन्य प्रशिक्षण भी डायट स्तर पर भी आयोजित किये जायेगें।

शिक्षा मित्र को प्रशिक्षण –

वर्ष 2001–2002 में जनपद मुरादाबाद में 574 तथा जनपद जे० पी० नगर 98 शिक्षा मित्रो का चयन कर प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया था जो दिनांक

30/9/2001 तथा 671 शिक्षा मित्रो तथा 93 आचार्यों का प्रशिक्षण पूर्ण कर उन्हे प्राथमिक विद्यालयो में नियुक्त किया जा चुका है। अवशेष शिक्षा मित्रो का प्रशिक्षण माह नवम्बर 2001 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। विद्यालयो में छात्रो के बढते नामांकन तथा प्राथमिक अध्यापको की कमी के कारण सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत भी शिक्षा मित्रो का चयन तथा उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था आवश्यकतानुसार की जाती रहेगी। तथा जिन शिक्षा मित्रो को शिक्षण कार्य और बेहतर बनाने के लिए एक सत्र के उपरान्त 15 दिन का पुर्नबोधात्मक डायट स्तर पर कराया जायेगा।

जनपद मुरादाबाद के बिलारी विकास खण्ड ई0 सी0 सी0 ई0 की योजना प्रारम्भ की गयी उक्त ब्लाको की आंगनवाडी कार्यकत्रियो को 7 दिवसीय प्रशिक्षण डायट स्तर पर दिया गया। वर्तमान समय में 75 ई0 सी0 ई0 केन्द्र संचालित है। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत जनपद जे0 पी0 नगर तथा मुरादाबाद के प्रत्येक ब्लाक में से कम 50-50 ई0 सी0 सी0 ई0 केन्द्र संचालित करने की योजना है। यह लक्ष्य 2007 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

बी0 आर0 सी0 और एन0 पी0 आर0 सी0 समन्वयको का प्रशिक्षण —

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत बी0 आर0 सी0, एन0 पी0 आर0 सी0 समन्वयको को प्रशिक्षण दिया जा चुका है समय-समय पर इनकी कार्यशाला भी आयोजित की जाती रही है। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु शैक्षिक साधन एवं सतत् व्यापक मूल्यांकन प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था है। जो माह दिसम्बर 2001 तक सात फेरो डायट स्तर पर प्रदान किया जायेगा। यह प्रशिक्षण जनपद स्तरीय अधिकारियों जिसमें सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी/प्रति उप विद्यालय निरीक्षक

जा रही है। सतत् व्यापक मूल्यांकन से छात्र का समग्र मूल्यांकन होगा तथा साथ–साथ शिक्षक इस बात का अनुभव भी कर सकेंगे कि छात्र के व्यक्तित्व विकास में तथा उनके सीखने एवं शिक्षण प्रणाली में क्या कमियां हैं उन कमियों को कैसे दूर किया जा सकता है। सुधारात्मक शिक्षण प्रणाली को शिक्षण में इस प्रणाली से शिक्षकों को पर्याप्त सुविधा मिलेगी डायट स्तर पर सतत् व्यापक मूल्यांकन का प्रशिक्षण जनपदीय अधिकारियों/ब्लाक समन्वयकों/न्याय पंचायत समन्वयकों को माह दिसम्बर 2001 तक प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है।

सर्व शिक्षा अभियान में भी इस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और पारदर्शी बनाने के लिए और अधिक प्रशिक्षणों की आवश्यकता अनुभव की जा रही है।

क्रियात्मक शोध –

प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों को क्रियात्मक शोध के कार्य में दक्षता अर्जित करने के लिए एक चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन डायट स्तर पर किया जायेगा। यह कार्यशाला में एस० सी० ई० आर० टी० तथा सीमेट इलाहाबाद [illegible] बी० आर० सी०, एन० पी० आर० सी० को भी शोध कार्यों में दक्ष किया जायेगा। शिक्षक अपनी समस्याओं के निदान के लिए स्वयं अपनी कार्य योजना बनायें तथा उसका समाधान ढूढने में सफल हो सकें। इस प्रकार यह क्रियात्मक शोध का कार्य संकुल स्तर और विद्यालय स्तर पर किया जाना है। क्रियात्मक शोध हेतु प्रस्तावित क्षेत्र निम्नलिखित हैं –

1– कक्षा की प्रक्रिया में समुदाय की भागीदारी बढ़ाने के तरीके।

2– सतत् व्यापक मूल्यांकन में कक्षा के बच्चों का सहयोग।

महिलाओं में आत्म विश्वास जागृत करने के तरीके।

4— शिक्षक अनुदान का सार्थक उपयोग किस प्रकार सम्भव है।

5— अक्षम बच्चों के शिक्षण के तरीके।

6— बाल श्रमिक तथा घुमन्तु बच्चों को शिक्षण के तरीके।

सर्व शिक्षा अभियान की कार्ययोजना पर विचार विमर्श —

सर्व शिक्षा अभियान की कार्य योजना के लिए जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान कांठ में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 11/10/2001 को किया गया। इस कार्यशाला में मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुरादाबाद/जे0 पी0 नगर, सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी, उप विद्यालय निरीक्षक, ब्लाक समन्वयकों तथा डायट संकाय के सदस्यों तथा प्रथम, द्वितीय व तृतीय चरण प्रशिक्षण के प्रशिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में मुख्य रूप से निम्नांकित बिन्दु उभर कर आये।

1 पाठ से सम्बन्धित सहायक सामग्री निर्माण करने का प्रशिक्षण दिया जाये।

2 विषयानुसार प्रशिक्षण की आवश्यकता है जैसे गणित, अंग्रेजी, संस्कृत, विज्ञान।

3 गणित किट तथा विज्ञान किट के प्रयोग करने का प्रशिक्षण की आवश्यकता है।

4 बाल मनोविज्ञान पर आधारित प्रशिक्षण की आवश्यकता है।

5 भाषा सम्बन्धित शुद्धता पर कार्यशाला।

6 मूल्यांकन के विभिन्न पक्षो का प्रशिक्षण।

7— ई0 सी0 एस0 तथा भाषा विकास सम्बन्धित प्रशिक्षण।

8— समेकित शिक्षा का प्रशिक्षण।

9– यह कक्षा शिक्षण को और कारगर बनाने के तरीके।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्राथमिक शिक्षकों के लिये प्रथम चरण का प्रशिक्षण –

प्रथम वर्ष प्राथमिक शिक्षकों के लिए प्रथम वर्ष में विषय वस्तु पर आधारित 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण डायट स्तर आयोजित किया जायेगा प्रशिक्षण के उपरान्त मैटीरियल मेला तथा विकास खण्ड एवं न्याय पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण तथा कार्यशालायें आयोजित की जायेगी।

10 दिवसीय प्रशिक्षण आवासीय पाठ्य पुस्तकों पर आधारित 4 दिवसीय

विज्ञान कार्यशाला – आवासीय

मैटीरियल मेला एक दिवसीय – न्याय पंचायत स्तर पर – गैर आवासीय
